दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली। शुक्रवार 24 अप्रैल - 2026 ● वर्ष : 11 अंक : 121 पेज - 08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3




# बंगाल में वोटिंग का नया रिकॉर्ड पहले फेज में 90% हुआ मतदान

## ममता बोलीं- एसआईआर के विरोध में बंपर वोटिंग

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में गुरुवार को बंपर वोटिंग हुई। बंगाल की 294 सीटों में से 152 सीटों पर पहले फेज में 89.93% मतदान हुआ। वहीं, तमिलनाडु की सभी 234 सीटों पर रिकॉर्ड 82.24% वोटिंग हुई।

दोनों राज्यों के इतिहास में पहली बार सबसे ज्यादा वोटिंग हुई है। चुनाव आयोग के आंकड़े शाम 5 बजे तक हैं। इनमें बदलाव हो सकता है। ममता ने वोटिंग के बाद कहा- बंगाल की जनता ने रक्फ़के विरोध में बंपर वोटिंग की है। इससे पहले असम, केरलम और पुडुचेरी में भी 9 अप्रैल को रिकॉर्ड वोटिंग हुई थी। असम के इतिहास में सबसे ज्यादा 85.91%, पुडुचेरी में 90% और केरलम में 1987 के बाद



सबसे ज्यादा 78.27% वोटिंग हुई थी।

**बंगाल में वोटिंग के दौरान मारपीट-झड़प :** बंगाल के दक्षिण मिदनापुर में कुमारगंज सीट से भाजपा कैंडिडेट सुवेंदु सरकार को भीड़ ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। उनका सिक्योरिटी गार्ड उनके साथ था। इसके बावजूद भीड़ ने उन्हें खदेड़ दिया।

पश्चिम बर्धमान जिले के बर्नपुर में आसनसोल साउथ सीट से भाजपा उम्मीदवार अग्निमित्रा पॉल की कार पर हमला हुआ। इससे गाड़ी के पीछे का शीशा टूट गया।

अग्निमित्रा ने बताया कि उनकी कार पर पत्थर फेंके गए। बीरभूम के बोधपुर गांव में ईवीएम खराब होने के बाद लोगों ने पुलिस और सेंट्रल फोर्स पर पथराव कर दिया।

## यूपी बोर्ड 10वीं-12वीं का परिणाम घोषित

# कक्षा 10वीं में कशिश वर्मा और 12वीं में शिखा वर्मा ने टॉप किया




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए हैं। इस साल लगभग 52 लाख छात्रों ने परीक्षा दी है। रिजल्ट ऑनलाइन मोड में प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिये जारी किया गया।

सीतापुर की कशिश वर्मा ने 10वीं में यूपी में पहला स्थान हासिल किया। उन्हें 97.83 फीसदी अंक मिले हैं। वहीं शिखा वर्मा ने 12वीं में यूपी टॉप किया है। दोनों एक ही स्कूल की छात्राएं हैं। दोनों छात्राएं महमूदाबाद स्थित बाबू राम सावित्री देवी स्कूल की पढ़ने वाली हैं।

**क्या एक ही स्कूल से है ताल्लुक ? :** बता दें कि यूपी बोर्ड 10वीं की टॉपर कशिश वर्मा और 12वीं टॉपर शिखा वर्मा एक ही स्कूल से ताल्लुक रखती हैं। दोनों टॉपर्स बाबू राम सावित्री देवी इंटर कॉलेज शेखपुर, बिलौली बाजार, सीतापुर की छात्रा हैं।

जबकि, 10वीं की टॉपर अंशिका वर्मा बाराबंकी से ताल्लुक रखती हैं। 10वीं की टॉपर अंशिका वर्मा द मॉडर्न एकेडमी इंटर कॉलेज, जैदपुर, बाराबंकी की छात्रा हैं।

# सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव कल करेंगे रेडिशन ब्लू में प्रबुद्ध जनों से मुलाकात

**मुलाकात**

**पार्टी अध्यक्ष रहेंगे प्रोटोकॉल में और कार्यकर्ताओं से नहीं होगा संवाद**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव शनिवार को गाजियाबाद आ रहे हैं। वो यहां प्रबुद्धजनों से मुलाकात करेंगे। ये कार्यक्रम शनिवार को होटल रेडिशन ब्लू में आयोजित होगा। सूत्र बताते हैं कि कार्यक्रम की रूपरेखा कुछ इस तरह से रखी गयी है कि इस कार्यक्रम में केवल गिनती के लोग होंगे जिन्हें डैलिगेशन का नाम दिया गया है। इस डैलिगेशन में लगभग 100 लोग हैं। इस डैलिगेशन में सभी वर्गों के लोग शामिल हैं। सीए, शिक्षक, डॉक्टर और एडवोकेट भी शामिल हैं। बताते हैं कि इस कार्यक्रम में केवल सपा संगठन



के अध्यक्ष मौजूद रहेंगे, जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष का नाम राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रोटोकॉल में रहेगा। इसके अलावा केवल उन्हीं समाजवादियों की एंट्री होगी जिनका नाम सपा प्रदेश संगठन से फाईनल हुआ है। समाजवादी अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत करना चाहते हैं। ऐसे में स्वागत बिंदु कहां रखा जायेगा इस पर अभी मंथन चल रहा है। समाजवादियों का प्रयास है कि उन्हें अपने नेता का स्वागत करने का अवसर मिले। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से इस पर सुरक्षा टीम को बताना है। समाजवादी तैयारी में जुटे हुए हैं। इस कार्यक्रम में प्रबुद्ध वर्ग के लोगों का सम्मान होगा।

### हिंडन एयरपोर्ट पर उतरेगा अखिलेश यादव का हैलिकॉप्टर

करंट क्राइम। सूत्र बताते हैं कि शनिवार को जब समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव आयेंगे तो उनका हैलिकॉप्टर हिन्डन एयरफोर्स के हैलिपैड पर उतरेगा। यहां उनसे चुनिंदा लोगों की मुलाकात होगी। इसके बाद अखिलेश यादव सीधे होटल रैडिसन ब्लू पहुंचेंगे। माना जा रहा है कि 11 बजे वह हिन्डन एयरपोर्ट आयेंगे और 11.30 बजे रैडिसन पहुंच जायेंगे। होटल रैडिसन ब्लू में पहले स्वागत कार्यक्रम होगा और उसके बाद संवाद होगा। विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श होगा। माना जा रहा है कि यह कार्यक्रम लगभग 2 घंटे को होगा। इसके बाद अखिलेश यादव प्रबुद्धजनों के साथ भोजन पर वार्ता करेंगे।

# आरडीसी के मुख्य गेट पर बनेगी हाईटेक पुलिस चौकी

## मिनी कनॉट प्लेस की सुरक्षा व्यवस्था होगी और चाक-चौबंद

**बड़ा फैसला**

**सीसीटीवी निगरानी, भारी पुलिस बल और ट्रैफिक कंट्रोल के साथ दिखेगा सख्त सुरक्षा घेरा**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शहर के सबसे व्यस्त और महत्वपूर्ण व्यावसायिक केंद्र राजनगर डिस्ट्रिक्ट सेंटर (आरडीसी) की सुरक्षा व्यवस्था को नई मजबूती देने के लिए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ने बड़ा फैसला लिया है। अब आरडीसी के मुख्य गेट पर हाईटेक पुलिस चौकी बनाई जाएगी, जिससे पूरे इलाके में सुरक्षा का दायरा पहले से कहीं अधिक सख्त हो जाएगा।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, इस चौकी का उद्देश्य सिर्फ अपराध नियंत्रण ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र में पुलिस की प्रभावी मौजूदगी दिखाना भी है, ताकि व्यापारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों में सुरक्षा का भरोसा मजबूत हो सके। नई चौकी को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। आरडीसी में बड़ी संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, जिन्हें चौकी से मॉनिटर किया जाएगा। इससे मुख्य गेट से आने-जाने वाले हर व्यक्ति और वाहन की रिकॉर्डिंग होगी। किसी भी संदिग्ध गतिविधि, छेड़छाड़, चोरी या अन्य अपराध की स्थिति में तुरंत कार्रवाई संभव हो सकेगी।




### भारी पुलिस फोर्स की होगी तैनाती

करंट क्राइम : सूत्रों के अनुसार, नई चौकी पर करीब एक दर्जन से अधिक सब-इंस्पेक्टर और 20 से ज्यादा महिला व पुरुष सिपाहियों की तैनाती की जाएगी। यह टीम 24 घंटे क्षेत्र में निगरानी, गश्त और त्वरित कार्रवाई के लिए जिम्मेदार होगी। खासतौर पर शाम और रात के समय अतिरिक्त सतर्कता बरती जाएगी। आरडीसी क्षेत्र में पहले से कचहरी के पास समाजवादी पार्टी कार्यालय के निकट संचालित पुलिस चौकी को भी जारी रखा जाएगा। वहां भी पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे, जिससे पूरे इलाके को दो स्तर की सुरक्षा मिल सकेगी।

### ट्रैफिक जाम और हुड़दंग पर लगेगा ब्रेक

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट के आरडीसी में ट्रैफिक जाम, अवैध पार्किंग और देर रात हुड़दंग जैसी समस्याएं लंबे समय से बनी हुई हैं। कई बार शराब के नशे में युवाओं द्वारा हंगामा और रील बनाने के मामले भी सामने आते रहे हैं। नई चौकी के जरिए इन गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगाने की योजना है। पुलिस की मौजूदगी बढ़ने से न केवल ट्रैफिक व्यवस्था सुधरेगी, बल्कि असामाजिक तत्वों पर भी अंकुश लगेगा। वहीं बता दें कि आरडीसी में मल्टी ब्रांड शोरूम, बड़े कॉरपोरेट ऑफिस और कई प्रमुख कंपनियों के प्रतिष्ठान स्थित हैं। यहां रोजाना हजारों लोगों की आवाजाही होती है। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होने से व्यापारियों और कर्मचारियों को बड़ी राहत मिलेगी और कारोबार के माहौल में भी सुधार आएगा।

### जल्द शुरू होगा निर्माण कार्य

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिटी जोन के सूत्रों के अनुसार, नई चौकी के निर्माण की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। इसके लिए स्थान चिन्हित कर लिया गया है और प्रारंभिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# पुलिस कमिश्नरेट में सभी थानों की एसओजी की गई भंग सीपी का आदेश अब वर्दी में ही होगी पुलिसकर्मियों की ड्यूटी

गौरव शशि नारायण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने के लिए सीपी जे रविंदर गौड ने बड़ा और सख्त फैसला लेते हुए सभी थानों की एसओजी (स्पेशल



ऑपरेशन ग्रुप) को भंग कर दिया है। यह निर्णय हाल ही में पुलिस लाइन में आयोजित उच्चस्तरीय क्राइम मीटिंग के बाद लिया गया, जिसमें अपराध नियंत्रण, पुलिसिंग की गुणवत्ता और जनता के बीच भरोसा मजबूत करने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

**सख्त आदेश**

**बिना वर्दी पुलिसकर्मियों पर रहेगी सख्त निगरानी कमिश्नर ने पारदर्शिता और जवाबदेही पर दिया जोर**

अब तक एसओजी टीमें सादे कपड़ों में काम करते हुए कई तरह की जिम्मेदारियां निभा रही थीं, लेकिन इस व्यवस्था को लेकर लगातार पारदर्शिता और कार्यशैली पर सवाल उठते रहे। इसी को ध्यान में रखते हुए खुद पुलिस कमिश्नर ने एसओजी को पूरी तरह समाप्त कर दिया और स्पष्ट निर्देश दिए कि अब सभी पुलिसकर्मी अपनी-अपनी मूल तैनाती के अनुसार वर्दी में ही ड्यूटी करेंगे। इस फैसले के बाद अब बिना वर्दी में कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों पर वरिष्ठ अधिकारियों की विशेष नजर रहेगी। किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, अनधिकृत कार्रवाई या अनुचित हस्तक्षेप पाए जाने पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### एसओजी करेगी बीट पर काम, तभी मिलेगा ईनाम

करंट क्राइम : पुलिस अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर सीधे जनता से संवाद बढ़ाएं और बीट पुलिसिंग को मजबूत करें। पुलिस कमिश्नर का मानना है कि वर्दी में ड्यूटी करने से पुलिस की दृश्यता बढ़ेगी, जिससे आम नागरिकों में सुरक्षा का भाव मजबूत होगा और अपराधियों में भय का माहौल बनेगा। खासकर गर्मी के मौसम में चोरी, लूट और अन्य आपराधिक घटनाओं में संभावित बढ़ोतरी को देखते हुए यह कदम बेहद अहम माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, इस निर्णय के बाद कमिश्नरेट के विभिन्न थानों में तैनात पुलिसकर्मियों के बीच हलचल तेज हो गई है। लंबे समय से एसओजी में कार्यरत कर्मियों को अब नियमित पुलिसिंग के ढांचे में वापस लाया जा रहा है, जिससे उनकी जिम्मेदारियां स्पष्ट होंगी और जवाबदेही तय की जा सकेगी। क्राइम मीटिंग के दौरान कमिश्नर ने थाना प्रभारियों से सीधे सवाल-जवाब करते हुए ऑपरेशन प्रहार, अपराधियों के सत्यापन अभियान, लंबित मामलों के निस्तारण और क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और हर थाना अपने क्षेत्र में अपराध नियंत्रण के लिए पूर्ण रूप से जिम्मेदार होगा। पुलिस कमिश्नर का यह कदम गाजियाबाद पुलिस की नई कार्यशैली का संकेत माना जा रहा है, जिसमें सिस्टम को अधिक अनुशासित, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने पर जोर दिया जा रहा है।

### यह बदलाव आएगा इस फैसले के बाद?

करंट क्राइम : एसओजी (स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप) की मौजूदा व्यवस्था पूरी तरह भंग की गई है। अब सभी पुलिसकर्मी अब वर्दी में ही ड्यूटी करेंगे, सादे कपड़ों में काम करने पर सख्त पाबंदी रहेगी। वहीं बिना वर्दी पुलिसकर्मियों की गतिविधियों पर अधिकारियों की नजर, बीट पुलिसिंग को किया जाएगा और मजबूत किया जाएगा ताकि अपराध नियंत्रण, निगरानी और सत्यापन पर विशेष फोकस रखा जाए। साथ ही लापरवाही या शिकायत मिलने पर तत्काल सख्त कार्रवाई हो सके।

### पुलिस कमिश्नर की प्राथमिकताएं

- चोरी, लूट और अन्य अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण
- ऑपरेशन प्रहार को तेज करना
- सक्रिय अपराधियों की निगरानी और सत्यापन
- पुलिसिंग में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाना
- जनता के साथ संवाद और विश्वास मजबूत करना

यह पूरा कदम गाजियाबाद कमिश्नरेट में कानून-व्यवस्था को और सख्त व प्रभावी बनाने की दिशा में एक बड़े बदलाव के रूप में देखा जा रहा है।



# महंगे स्कूलों को पीछे छोड़, महर्षि दयानंद विद्यापीठ ने फिर रचा इतिहास कक्षा 10वीं के अयान खान और कक्षा 12वीं के तिमोथी मंडल बने जिला टॉपर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शिक्षा के बढ़ते व्यवसायीकरण और महंगे स्कूलों की होड़ के बीच महर्षि दयानंद विद्यापीठ, गोविंदपुरम ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि गुणवत्ता केवल संसाधनों से नहीं, बल्कि मजबूत शिक्षण व्यवस्था, अनुशासन और संस्कारों से बनती है। सीमित फीस और साधारण संसाधनों के बावजूद विद्यालय ने 23 अप्रैल 2026 को घोषित बोर्ड परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले में अपनी अलग पहचान और मजबूत कर ली। कक्षा 10 में अयान खान और कक्षा 12 में तिमोथी मंडल ने जिला टॉपर बनकर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

### कक्षा 10 में 100% रिजल्ट, कक्षा 12 में 99.78% सफलता

कक्षा 10 में 316 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और परिणाम 100 प्रतिशत रहा। वहीं कक्षा 12 में 468 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिसमें 99.78 प्रतिशत विद्यार्थी सफल रहे।

### 13 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में बनाई जगह

विद्यालय के कुल 13 विद्यार्थियों ने जिला वरीयता सूची में स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10 में राशिका, रोशनी कुमारी, कनक, अंशु शर्मा, श्वेता, दिशांत और आयशा, तथा कक्षा 12 में हिबा फातिमा, निशु कुमारी, पायल और हर्ष पाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

**कक्षा 10 में 316 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और परिणाम 100 प्रतिशत रहा**




**कक्षा 12 में 468 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी 99.78 प्रतिशत विद्यार्थी सफल रहे**




### अनुशासन और संस्कार आधारित शिक्षा मॉडल की सफलता

करंट क्राइम। विद्यालय का शिक्षा मॉडल अनुशासन, निरंतर अभ्यास और शिक्षकों के व्यक्तिगत मार्गदर्शन पर आधारित है। यही कारण है कि सीमित संसाधनों में भी यहां के विद्यार्थी लगातार बेहतर परिणाम दे रहे हैं।

### प्रधानाचार्या ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को दी बधाई

करंट क्राइम। प्रधानाचार्या डॉ. सीमा सेठी ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए शिक्षकों और अभिभावकों के सहयोग को इस सफलता का प्रमुख आधार बताया।



### बालेश्वर त्यागी का मार्गदर्शन बना सफलता की कुंजी

करंट क्राइम। विद्यालय के संरक्षक एवं उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने सस्ती शिक्षा, उच्च शैक्षणिक मानकों और गहरे संस्कारों के साथ इस संस्थान की नींव रखी। आज भी वे नियमित रूप से विद्यालय पहुंचकर बच्चों का मार्गदर्शन करते हैं, जिसके चलते विद्यालय का परिणाम हर वर्ष नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

# कंट्रोल रूम से ट्रैफिक पर सख्त निगरानी नियम तोड़ने वालों के ऑनलाइन चालान

**निगरानी**

**डीसीपी ट्रैफिक व एसीपी ने लाइव मॉनिटरिंग कर दिए निर्देश**

## पहले दिन 70 से अधिक चालान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बिगड़ती ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए अब अधिकारी एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। गुरुवार को डीसीपी ट्रैफिक त्रिगुण बिसेन और एसीपी ट्रैफिक रितेश त्रिपाठी ने कंट्रोल रूम से पूरे शहर के ट्रैफिक की लाइव मॉनिटरिंग की। अधिकारियों ने बड़ी स्क्रीन के जरिए शहर के अलग-अलग प्रमुख चौराहों और मार्गों की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर तैनात ट्रैफिक निरीक्षकों और उपनिरीक्षकों को माइक के माध्यम से जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। खासतौर पर जाम की स्थिति को तुरंत नियंत्रित करने और



नियमों का सख्ती से पालन कराने पर जोर दिया गया। निरीक्षण के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर भी सख्त कार्रवाई की गई। कंट्रोल रूम से ही लाइव फुटेज के आधार पर 70 से अधिक वाहन चालकों के ऑनलाइन चालान किए



गए। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि हेलमेट, सीट बेल्ट, गलत दिशा में वाहन चलाने और रेड लाइट जंप करने जैसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए ट्रैफिक पुलिस को रणनीतिक रूप से तैनाती और सतत निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। बताया जा रहा है कि पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड लगातार ट्रैफिक सुधार को लेकर गंभीर हैं, जिसके चलते अब जमीनी स्तर पर सख्ती दिखाई देने लगी है। आने वाले दिनों में यह अभियान और तेज किए जाने की तैयारी है।



'भय जा रहा, भरोसा आ रहा', बंगाल में ममता बनर्जी पर गरजे मोदी-

# झालमुड़ी मैंने खाई, मिर्ची टीएमसी को लगी : पीएम



**नादिया।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए 152 सीटों पर मतदान हो रहा है। इसी बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नदिया जिले के कृष्णानगर में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने चुनाव आयोग की जमकर तारीफ की और टीएमसी सरकार पर तीखा हमला बोला।

पीएम मोदी ने कहा, 'मैं कह सकता हूं कि पिछले 50 वर्षों में यह पहला ऐसा चुनाव है जिसमें हिंसा बिल्कुल न्यूनतम स्तर पर है।' उन्होंने कहा कि पहले तो हर हफ्ते किसी को फांसी पर लटका देना और उसे आत्महत्या बता देना आम बात थी। यहां अराजकता और गुंडागर्दी का राज था। मैं चुनाव आयोग को हार्दिक बधाई देता हूं, उन्होंने एक बार फिर बंगाल की धरती पर लोकतंत्र की गरिमा स्थापित की है।

पीएम मोदी ने आगे कहा, 'मैं यहां के सरकारी कर्मचारियों की भी सराहना करता हूं। मुझे अब तक मिली जानकारी के आधार पर, मतदान पिछले सभी रिकार्ड तोड़ रहा है।' उन्होंने कहा कि कृष्णानगर में आज भय पर भरोसे की विजय का विश्वास दिख रहा है। बरसों से जिनकी आवाज को दबाकर रखा गया था, वो अब एक सुर में बोल रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने टीएमसी पर तंज कसते हुए कहा, 'झालमुड़ी मैंने खाई और मिर्ची टीएमसी को लग रही है।' उन्होंने कहा कि टीएमसी के विधायकों, मंत्रियों, स्थानीय नेताओं और उनके सिंडिकेट के खिलाफ इतना गुस्सा है कि टीएमसी कई शहरों में अपना खाता भी नहीं खोल पाएगी।

## कर्नाटक: घर पर मृत मिले पति-पत्नी

**बंगलूरू:** बंगलूरू में एक घर में पति-पत्नी मृत पाए गए। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान डेविड (35 वर्षीय) और उसकी पत्नी सुमित्रा (30 वर्षीय) के रूप में हुई है। डेविड चालक था। पुलिस के अनुसार, इस घटना की जानकारी दोपहर करीब साढ़े 12 बजे मिली। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि डेविड पंखे से साड़ी के सहारे लटका हुआ था। जबकि उनकी पत्नी बिस्तर पर मृत पड़ी थी और उसके शरीर पर कोई स्पष्ट चोट के निशान नहीं थे।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि शक है कि डेविड ने पहले अपनी पत्नी का दम घोंटा होगा और उसके बाद खुदकुशी कर ली। हालांकि, पत्नी की मौत का सही कारण पोस्टमॉर्टम के बाद ही पता चलेगा। पुलिस ने बताया कि दोनों की शादी को सात साल हो चुके थे और उनके दो बच्चे हैं, जो घटना के समय अपने रिश्तेदार के घर पर थे।

## यूपी बोर्ड 10वीं और 12वीं का परिणाम घोषित
### 10वीं में कशिश वर्मा और 12वीं में शिखा वर्मा ने टॉप किया




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए हैं। इस साल लगभग 52 लाख छात्रों ने परीक्षा दी है। रिजल्ट ऑनलाइन मोड में प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिये जारी किया गया।

सीतापुर की कशिश वर्मा ने 10वीं में यूपी में पहला स्थान हासिल किया। उन्हें 97.83 फीसदी अंक मिले हैं। वहीं शिखा वर्मा ने 12वीं में यूपी टॉप किया है।

दोनों एक ही स्कूल की छात्राएं हैं। दोनों छात्राएं महमूदाबाद स्थित बाबू राम सावित्री देवी स्कूल की पढ़ने वाली हैं।

### क्या एक ही स्कूल से है ताल्लुक?

बता दें कि यूपी बोर्ड 10वीं की टॉपर कशिश वर्मा और 12वीं टॉपर शिखा वर्मा एक ही स्कूल से ताल्लुक रखती हैं। दोनों टॉपर्स बाबू राम सावित्री देवी इंटर कॉलेज शेखपुर, बिलौली बाजार, सीतापुर की छात्रा हैं। जबकि, 10वीं की टॉपर अंशिका वर्मा बाराबंकी से ताल्लुक रखती हैं। 10वीं की टॉपर अंशिका वर्मा द मॉडर्न एकेडमी इंटर कॉलेज, जैदपुर, बाराबंकी की छात्रा हैं।

### यूपी बोर्ड हाईस्कूल टॉपर्स

प्रथम स्थान पर 97.83 प्रतिशत अंक के साथ कशिश वर्मा और अंशिका वर्मा

सेकेंड स्थान पर 97.50 प्रतिशत अंक के साथ अदिति और

तीसरे स्थान पर 97.33 अंक प्राप्त कर अर्पिता और परी वर्मा

### यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट टॉपर्स

प्रथम स्थान- 97.60 अंक के साथ शिखा वर्मा

द्वितीय स्थान- 97.20 अंक के साथ नंदनी गुप्ता और श्रेया वर्मा

तृतीय स्थान- 97 अंक के साथ सुरभि यादव और पूजा पाल।

## बंगाल में मतदान के बीच नाओदा में बवाल
### कारें तोड़ी, पत्थर फेंका, जमकर भांजी गईं लाठियां



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में 152 विधानसभा सीटों पर जारी पहले चरण के मतदान के बीच मुर्शिदाबाद का नाओदा क्षेत्र एक बार फिर राजनीतिक टकराव और तनाव का केंद्र बन गया है। मतदान प्रक्रिया के दौरान शिवनगर गांव में सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) के प्रमुख हुमायूं कबीर के बीच तीखी झड़प की खबर ने माहौल को गरमा दिया। आरोपों और प्रत्यारोपों के बीच स्थिति तेजी से बिगड़ती नजर आई। हुमायूं कबीर ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि टीएमसी ने उनकी पार्टी के कई उम्मीदवारों को मोटी रकम देकर चुनाव मैदान से हटने के लिए प्रभावित किया, जिससे चुनावी प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो गए हैं। इतना ही नहीं एजेयूपी के प्रमुख कबीर ने सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर ये आरोप भी लगाए कि उनके द्वारा नेताओं को प्रभावित करने के चलते शुरूआत में उनकी पार्टी के 142 उम्मीदवार थे, लेकिन अब यह संख्या घटकर 115 रह गई है। उनके अनुसार, कुछ उम्मीदवारों को 9 लाख से 30 लाख रुपये तक देकर चुनाव से बाहर किया गया है। यह मामला यहीं तक नहीं थमा, जब वोट डालने के दौरान नाओदा क्षेत्र के शिवनगर गांव में हुमायूं कबीर एक मतदान केंद्र पहुंचे, तो वहां टीएमसी समर्थकों ने उनके खिलाफ वापस जाओ के नारे लगाए और उन्हें भाजपा एजेंट बताया।

## ड्रग्स मामला: नेस्को के अधिकारियों ने दायर की जमानत याचिका

**मुंबई।** मुंबई में एक संगीत कार्यक्रम के दौरान कथित तौर पर ड्रग्स के ओवरडोज से हुई मौत के मामले में गिरफ्तार प्रदर्शनी केंद्र के दो वरिष्ठ अधिकारियों ने अपनी गिरफ्तारी को 'अवैध' बताया। उन्होंने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट में जमानत याचिका दायर की है। नेस्को प्रदर्शनी के उपाध्यक्ष (लाइव इवेंट्स और आईपी) बालकृष्ण बलराम कुरुप (46 वर्षीय) और गोरेगांव स्थित प्रदर्शनी केंद्र में वरिष्ठ प्रबंधक (लाइव इवेंट्स) सनी जैन (31 वर्षीय) को 13 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था। उनकी गिरफ्तारी 11 अप्रैल को नेस्को प्रदर्शनी केंद्र में हुए संगीत कार्यक्रम में शामिल दो एमबीए छात्रों की कथित ड्रग्स ओवरडोज से मौत के बाद हुई। जांच में सामने आया कि दक्षिण मुंबई के एक प्रसिद्ध बिजनेस स्कूल में पढ़ने वाले इन दोनों छात्रों ने कथित तौर पर एमडीएमए (जिसे आमतौर पर एक्स्टेसी कहा जाता है) नाम के प्रतिबंधित पदार्थ का सेवन किया था।

## बंगाल में मतदान के बीच बवाल
### कुमारगंज में भाजपा प्रत्याशी पर भीड़ का हमला

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में जारी चुनावी घमासान के बीच कुमारगंज से एक बेहद तनावपूर्ण और हिंसक घटना सामने आई है, जिसने पूरे सियासी माहौल को और भड़का दिया है। भाजपा उम्मीदवार सुवेंदु सरकार पर भीड़ द्वारा कथित हमला किए जाने का वीडियो सामने आया है, जिसमें उनके साथ धक्का-मुक्की और हाथापाई होती दिख रही है। इस हमले में उनके कान से खून निकलता भी नजर आया, जिसके बाद उन्हें अपनी जान बचाकर बॉडीगार्ड के साथ मौके से निकलना पड़ा। इस घटना के बाद भाजपा नेता ने सत्ताधारी टीएमसी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए इसे सियासी साजिश करार दिया है।



घटना के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि उनके पोलिंग एजेंट्स को 8-10 बूथों से जबरन बाहर निकाल दिया गया था, लेकिन उन्होंने खुद हस्तक्षेप कर उन्हें वापस अंदर जाने दिलाया। उन्होंने आरोप लगाया कि जब वह बूथ नंबर 24 पर स्थिति देखने पहुंचे, तो उन पर और उनकी टीम पर हमला किया गया, ताकि डर का माहौल बनाया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्रीय सुरक्षा बल मौजूद थे, लेकिन उस समय उनके साथ सिर्फ उनका बॉडीगार्ड था। सुवेंदु सरकार ने दावा किया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी चुनाव हार चुकी हैं और इसी डर के कारण टीएमसी के लोग इस तरह की घटनाएं कर रहे हैं।

## मणिपुर हिंसा में अब तक 58 हजार से अधिक विस्थापित, 217 की मौत



**इंफाल।** मणिपुर में मई 2023 से भड़की जातीय हिंसा के चलते अब तक 58,821 लोग विस्थापित हो चुके हैं। राज्य सरकार के गृह विभाग ने आरटीआई के जवाब में यह जानकारी दी है। यह आंकड़े 3 मई 2023 से 30 मार्च 2026 तक की अवधि के हैं। विभाग के अनुसार, हिंसा से जुड़ी घटनाओं में अब तक 217 लोगों की मौत हुई है, जिनके परिजनों को अनुग्रह राशि दी गई है। इसके अलावा बड़ी संख्या में लोग घायल भी हुए हैं।

राज्य में राहत के लिए 10 मार्च 2026 तक कुल 174 राहत शिविर संचालित किए जा रहे हैं। विस्थापित लोगों के पुनर्वास के लिए मणिपुर पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओर से 3,000 प्री-फैब्रिकेटेड घर बनाए गए हैं। बता दें कि हिंसा के कारण भारी संपत्ति नुकसान भी हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक 7,894 स्थायी घर पूरी तरह नष्ट हो गए, जबकि 2,646 घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। कांग्रेस नेता हरेश्वर गोस्वामी ने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा कि यह जानकारी प्राप्त करने में उन्हें सात महीने का समय लगा।

मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में भाजपा विधायक वुंगजागिन वाल्टे की मौत के मामले में न्याय की मांग को लेकर बुधवार को 13 घंटे का पूर्ण बंद रहा। जोमी समूहों द्वारा बुलाए गए इस बंद को कुकी और हमार संगठनों का भी समर्थन मिला। सुबह 5 बजे से शाम 6 बजे तक चले इस बंद के दौरान बाजार, स्कूल, दफ्तर और सार्वजनिक परिवहन पूरी तरह ठप रहे। तिपाईमुख और गुइते रोड पर भी सन्नाटा पसरा रहा।

## भाजपा उम्मीदवार अग्निमित्रा पॉल की गाड़ी पर हुआ पथराव
### कार के शीशे तोड़े, इलाके में तनाव





**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण के दौरान आसनसोल दक्षिण निर्वाचन क्षेत्र में हिंसा की खबर सामने आई। यहां से भाजपा की उम्मीदवार और मौजूदा विधायक अग्निमित्रा पॉल को निशाना बनाया गया। चुनावी ड्यूटी के दौरान जब वे क्षेत्र का दौरा कर रही थीं, तब उनकी कार पर जबरदस्त पथराव किया गया। इस हमले में उनकी गाड़ी के पीछे के खिड़की के शीशे चकनाचूर हो गए।

यह घटना आसनसोल दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के रहमत नगर इलाके के पास हुई। पुलिस और चश्मदीदों के अनुसार, अग्निमित्रा पॉल एक मतदान केंद्र का मुआयना करने के बाद वहां से निकल रही थीं। जैसे ही उनकी चलती हुई कार सड़क पर आगे बढ़ी, अज्ञात लोगों ने गाड़ी को निशाना बनाकर पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। पत्थरों की चोट इतनी जोरदार थी कि गाड़ी के पिछले हिस्से के कांच पूरी तरह टूट गए।

अग्निमित्रा पॉल ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि जब वह पोलिंग बूथ से बाहर आ रही थीं, तभी उनकी चलती गाड़ी पर हमला हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि यह हमला चुनाव को प्रभावित करने और मतदाताओं को डराने की एक सोची-समझी साजिश है।

अग्निमित्रा पॉल ने इस घटना के पीछे सीधे तौर पर अपने राजनीतिक विरोधियों का हाथ बताया है। उन्होंने कहा कि यह बिल्कुल साफ है कि इस हमले के पीछे कौन है और कौन चुनाव में धांधली करना चाहता है। भाजपा उम्मीदवार ने इस हमले की आधिकारिक शिकायत चुनाव अधिकारियों और स्थानीय पुलिस से की है।

विधायक की शिकायत के बाद हिरापुर थाने की पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि वे हमलावरों की पहचान करने के लिए इलाके के सीसीटीवी फुटेज और चश्मदीदों की मदद ले रहे हैं। घटना के बाद पूरे रहमत नगर और आसपास के इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है ताकि स्थिति नियंत्रण में रहे।

आसनसोल की यह घटना कोई इकलौती घटना नहीं है। बंगाल चुनाव के पहले चरण में 152 सीटों पर मतदान हो रहा है और कई अन्य जगहों से भी छिटपुट झड़पों और हिंसा की खबरें आ रही हैं। हालांकि चुनाव आयोग ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे, लेकिन इसके बावजूद अलग-अलग जिलों में राजनीतिक कार्यकर्ताओं के बीच भिड़ंत देखने को मिल रही है।

## कपिल सिब्बल का चुनाव आयोग पर हमला, बोले- बंगाल में हो रहा है मतदान का अधिकार छीनने का प्रयोग



**नई दिल्ली।** पूर्व कानून मंत्री और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने चुनाव आयोग पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने आयोग पर पश्चिम बंगाल में लोगों के वोट देने का अधिकार छीनने का आरोप लगाया। सिब्बल ने तंज कसते हुए पूछा कि अगर ऐसा ही करना है तो चुनाव कराने की जरूरत ही क्या है?

सिब्बल ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें पद्म भूषण मिलना चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि चुनाव आयोग बंगाल में लोगों को मताधिकार से वंचित करने का प्रयोग कर रहा है।

इससे पहले बुधवार को सिब्बल ने आरोप लगाया था कि मुख्य चुनाव आयुक्त भाजपा को जिताने के लिए उनके साथ मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा था कि ज्ञानेश कुमार राष्ट्रीय शर्म हैं और यह सुनिश्चित करना उनका पेशेगत धर्म है कि भाजपा ही विजयी हो।

सिब्बल ने बंगाल में भारी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र और हरियाणा के चुनावों में ऐसे नियम नहीं अपनाए गए, जो बंगाल में लागू किए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल करके वोटर लिस्ट से लोगों के नाम हटाए जा रहे हैं। सिब्बल के अनुसार, चुनाव आयोग अजीब तर्क दे रहा है।

## ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच गिरने से 19 साल की युवती की मौत

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले से एक दुखद घटना सामने आई है। यहां भिवंडी रोड रेलवे स्टेशन पर ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच खाली जगह में गिरने से 19 साल की युवती की मौत हो गई। यह हादसा मंगलवार शाम करीब 7 बजकर 25 बजे प्लेटफॉर्म नंबर 4 पर हुआ। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मृतक की पहचान सूरत की रहने वाली जिनीशा खंडेलवाल के रूप में हुई है। जिनीशा पुणे में एक पारिवारिक शादी से लौट रही थी। वह गुजरात जाने से पहले भिवंडी में अपनी मौसी से मिलने जा रही थी। जब ट्रेन धीमी हुई, तो परिवार के अन्य सदस्य सुरक्षित उतर गए। लेकिन जिनीशा का संतुलन बिगड़ गया और वह चलते कोच से नीचे गिर गई। वह ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच फंसकर कुचल गई, जिससे उसके सिर पर गंभीर चोटें आईं। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चश्मदीदों और रिश्तेदारों का आरोप है कि प्लेटफॉर्म पर मौजूद यात्रियों ने ट्रेन रुकने से पहले ही चढ़ने की जल्दबाजी की।

## पांच साल बाद चीन के पर्यटकों को वीजा जारी करेगा भारत



**नई दिल्ली।** भारत सरकार चीनी नागरिकों के लिए पर्यटक वीजा फिर से शुरू करने की तैयारी कर रही है। करीब पांच साल पहले गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के बाद इन सेवाओं को बंद कर दिया गया था। अब दोनों देशों के बीच रिश्तों में जमी बर्फ धीरे-धीरे पिघल रही है। यह कदम दोनों देशों के बीच संबंधों में धीरे-धीरे आ रही नरमी के बीच उठाया गया है। हाल ही में भारत और चीन ने सीधी उड़ानें फिर से शुरू करने का फैसला किया है। इसके साथ ही लंबे समय से रुकी हुई कैलाश मानसरोवर यात्रा को भी दोबारा बहाल कर दिया गया है। नए वीजा नियम मुख्य चीन, हांगकांग और मकाऊ से आने वाले यात्रियों पर लागू होंगे।

सरकार का यह फैसला पर्यटन, व्यापार और लोगों के बीच आपसी मेलजोल को फिर से बढ़ाने की कोशिशों का हिस्सा है। पिछले कुछ वर्षों से दोनों देशों के बीच तनाव की वजह से ये गतिविधियां रुकी हुई थीं। हालांकि वीजा देने के लिए सामान्य प्रक्रियाओं का पालन होगा, लेकिन सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए कुछ पाबंदियां अब भी लागू रहेंगी।

## गुजरात में साइबर ठगी नेटवर्क का भंडाफोड़

**गुजीरत।** गुजरात में साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन म्यूल हंट 2.0 के तहत पुलिस ने बड़े नेटवर्क का खुलासा करते हुए 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। सीआईडी ने बुधवार को बताया कि यह नेटवर्क 288 करोड़ से अधिक के लेनदेन वाली साइबर ठगी से जुड़ा हुआ है। आरोपियों की पहचान मुकेश मेर, फरीदखान नासिरखान पठान, अक्षय पटेल, देवेंद्र पटेल, चेतन नरनभाई अमलानी, जतिन कक्कड़, कपिलभाई कोटक और महेंद्र कोकिया के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से मोबाइल फोन और एक लैपटॉप बरामद किया है। सीआईडी (क्राइम) के साइबर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के अनुसार, आरोपियों को सूरत, राजकोट, भावनगर और उंझा सहित विभिन्न शहरों से कई दिनों की कार्रवाई के बाद पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी अलग-अलग व्यक्तियों और फर्मों के नाम पर बैंक खाते खोलते और संचालित करते थे, जिनके जरिये साइबर ठगी से हासिल धन को ट्रांसफर किया जाता था।

## सावधान! आंतों में गड़बड़ी से शुरू हो सकती हैं ऑटोइम्यून बीमारियां



**नई दिल्ली।** अक्सर लगातार थकान को तनाव, पेट फूलने को जल्दबाजी में खाए भोजन और जोड़ों की अकड़न को उम्र या लंबे कामकाजी घंटों का असर मानकर नजरअंदाज कर दिया जाता है। लेकिन कई बार ये समस्याएं शरीर में गहरे असंतुलन का संकेत होती हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, कई ऑटोइम्यून बीमारियों की शुरूआत आंतों यानी गट से हो सकती है, जहां प्रतिरक्षा तंत्र धीरे-धीरे शरीर के खिलाफ काम करना शुरू कर देता है।

नेशनल इंस्टीट्यूट्स ऑफ हेल्थ (एनआईएच) के अनुसार आंतें केवल भोजन पचाने का काम नहीं करतीं, बल्कि ये शरीर के सबसे बड़े प्रतिरक्षा केंद्रों में से एक हैं। करीब 70 प्रतिशत प्रतिरक्षा गतिविधि आंतों की परत के आसपास होती है। यही वह स्थान है जहां शरीर लगातार यह तय करता है कि कौन-सी चीज सुरक्षित है और कौन-सी हानिकारक। आंतों में बैक्टीरिया, वायरस व फंगस का एक विशाल तंत्र होता है, जिसे माइक्रोबायोम कहा जाता है। इनमें से कई प्रतिरक्षा तंत्र को प्रशिक्षित करने, सूजन को नियंत्रित करने व शरीर को नुकसान से बचाने में मदद करते हैं। जब आंतों में यह संतुलन बिगड़ जाता है, तो इसे डिस्बायोसिस कहा जाता है।

ऐसी स्थिति में प्रतिरक्षा तंत्र भ्रमित हो सकता है। एनआईएच के अनुसार गट माइक्रोब्स में गड़बड़ी का संबंध कई ऑटोइम्यून बीमारियों से लगातार जोड़ा जा रहा है।

आंतों की भीतरी परत कमजोर होने पर विषैले तत्व रक्त प्रवाह में पहुंच सकते हैं। प्रतिरक्षा तंत्र इन्हें खतरे के रूप में पहचानता है और सूजन की प्रतिक्रिया शुरू कर देता है। यदि यह प्रक्रिया लंबे समय तक चलती रहे, तो प्रतिरक्षा तंत्र शरीर के ऊतकों पर हमला करना शुरू कर सकता है।

## आने वाले दिनों में 5 से 8 डिग्री बढ़ेगा पारा



**आगरा।** मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों में 5-8 डिग्री सेल्सियस पारा बढ़ने के आसार जताए हैं। ऐसे में सीएमओ ने अलर्ट जारी किया है। रैपिड रिस्पांस टीम बना दी है। सीएचसी-पीएचसी पर ओआरएस, फ्लूड समेत अन्य दवाओं का स्टॉक किया है। सिर में दर्द, चक्कर आना और घबराहट की स्थिति बनने पर तत्काल नजदीकी अस्पताल में इलाज कराएं। 108, 102 एंबुलेंस सेवा पर फोन भी कर सकते हैं।

सीएमओ डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि मौसम विभाग ने कुछ दिनों में पारा सामान्य से 8 डिग्री तक ज्यादा पहुंचने के आसार जताए हैं। ऐसे में चिकित्सकों को अलर्ट करते हुए 18 सीएचसी और 48 पीएचसी पर ओआरएस, आईवी फ्लूड, आइस पैक की व्यवस्था की है।

## सुरक्षा पर खतरा: 57 आतंकी 200 नाम... पहचान बदल सुरक्षा एजेंसियों को दे रहे गच्चा




**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के ज्यादातर खूंखार आतंकियों ने दुनिया भर की सुरक्षा एवं जांच एजेंसियों को गच्चा देने के लिए अपने नाम बदल रखे हैं। कोई एक-दो नहीं, बल्कि सुरक्षा एजेंसियों की फाइलों में इन दहशतगर्दों के दर्जनभर नाम देखने को मिल रहे हैं। मुंबई हमलों के आरोपी और भारत के मोस्ट वांटेड आतंकी 'दाऊद इब्राहिम' के 22 नाम हैं। पाकिस्तानी आतंकी संगठन 'लश्कर-ए-ताइबा' प्रमुख हाफिज सईद के 9 और जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) का शीर्ष आतंकी मोहीउद्दीन औरंगजेब आलमगीर 11 नामों से जाना जाता है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा 'गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम यूएपीए के तहत आतंकियों की जो सूची तैयार की गई है, उसमें 57 आतंकियों के लगभग 200 नाम लिखे गए हैं।

**मसूद अजहर भी कई नामों से कुख्यात :** गृह मंत्रालय की सूची में पहला नाम मौलाना मसूद अजहर का है। उसे मौलाना महमूद मसूद अजहर अलवी और विला अदाम इस्सा नाम से जाना जाता है। रियाज इस्माइल शाहबंदर को शाह रियाज अहमद, रियाज भटकल, मोहम्मद रियाज, अहमद भाई, रसूल खान, रोशन खान और अजीज नाम से जाना जाता है। इब्राहिम मेनन के दूसरे नामों में टाइगर मेनन, मुस्ताक, सिकंदर आदि शामिल हैं। सैयद मोहम्मद युसूफ शाह ने सैयद सलाउद्दीन, पीर साहब और बुजुर्ग नाम रखा हुआ है।

24 April -26 page 3 23-04-26 10:48 PM Page 1

दैनिक
# करंट क्राइम
सिर्फ सच...
www.currentcrime.com



करंट क्राइम ट्वीट का करंट




# निगम मुख्यालय में पार्षदों ने बैठक के बाद उठा दी कार्यकारिणी बैठक की डिमांड

## निर्वाचित पार्षदों के साथ दो नामित पार्षदों ने भी बुलंद की है इस बैठक में आवाज




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम में विकास का मुददा सुलग रहा है। पार्षदों को ये शिकायत है कि कार्यकारिणी बैठक नहीं हो रही। जिसके कारण बजट पास नहीं हो रहा। बजट नहीं है तो विकास की कोई डिजिट नहीं है।

कार्यकारिणी की बैठक क्यों नहीं हो रही और बैठक के ना होने से क्या नुकसान हो रहा है। इन्हीं सब मुददों को लेकर एक बार फिर नगर निगम मुख्यालय में पार्षदों ने एक बैठक की। इस बैठक की खास बात ये रही कि अभी तक इसमें निर्वाचित पार्षद भाग ले रहे थे। लेकिन इस बैठक में पहली बार दो नामित पार्षद भी शामिल हैं। बैठक का मुख्य बिंदु कार्यकारिणी की बैठक रहा। बताते हैं कि इस बैठक में लगभग 15 पार्षद मौजूद रहे। मुददा यही था कि कार्यकारिणी की बैठक क्यों नहीं हो रही है। चिंता इस बात पर थी कि अगर कार्यकारिणी की बैठक नहीं होगी तो बजट पास नहीं होगा और अगर बजट पास नहीं होगा तो किसी भी विकास प्रस्ताव को हरी झंडी नहीं मिलेगी।

### मेयर हमारी मुखिया, हम पहले करेंगे उन्हीं से बात : नीरज गोयल



करंट क्राइम। नगर निगम के क्रान्तिकारी पार्षद नीरज गोयल गुरूवार वाली बैठव में कूल दिखाई दिये। उन्होंने कहा कि हम पार्षद हैं और नगर निगम सदन का हिस्सा हैं। मेयर सुनिता दयाल पार्षद दल की मुखिया हैं और मेरा व्यक्तिगत रूप से मन है कि हमें मेयर सुनिता दयाल को पत्र लिखने के बजाये उनसे व्यक्तिगत रूप से मिलकर अनुरोध करना चाहिए। वो हमारी मुखिया हैं और मुझे विश्वास है कि समस्या का समाधान होगा। उन्होंने हाउस टैक्स वाली बात को लेकर भी कहा कि हमारा विरोध हाउस टैक्स के मुददे का था। समस्या का समाधान हो गया तो हमाराविरोध भी शांत हो गया। हमारा विरोध मेयर सुनिता दयाल से निजी नहीं बल्कि नीतिगत था।

### जब तय हुआ पार्षद पूनम सिंह करेंगी मेयर से मुलाकात



करंट क्राइम। नगर निगम मुख्यालय में पार्षद एकता जिंदाबाद हो रही थी। भाजपा के पार्षद कार्यकारिणी बैठक में देरी होने से नाराज थे। उनका कहना था कि विकास अवरूद्ध हो रहा है। सूत्र बताते हैं कि कार्यकारिणी की मांग को लेकर हो रही इस बैठक में तय हुआ कि कोई भी एक पार्षद पहले मेयर से मुलाकात करेगा। इसके लिए वार्ड 15 की निगम पार्षद पूनम सिंह का नाम प्रस्तावित किया गया। तय हुआ कि पार्षद मिलकर बात रखेंगे। और यही तय हुआ कि प्रभारी मंत्री असीम अरूण से भी बात की जाये।

### निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष सहित ये पार्षद रहे डिमांड बैठक में शामिल









करंट क्राइम। कार्यकारिणी की बैठक नहीं हो रही तो प्रस्ताव पास नहीं हो रहा। पार्षद अधिकारियों के पासजाते हैं तो वो कह देते हैं कि बजट ही नहीं है। पार्षद एकत्र हुए। निगम की इस बैठव में निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी , पार्षद नीरज गोयल, पार्षद हिमांशु शर्मा, पार्षद पूनम सिंह, पार्षद देवनारायण, पार्षद शिवम शर्मा, मदन राय, कन्हैय्या तथा पवन गौतम शामिल हुए। इसके अलावा दो नामित पार्षद प्रदीप चौधरी तथा सुमन जाटव भी इस बैठक में मौजूद रहे।

### जब नामित पार्षद प्रदीप चौधरी ने मिला दिया प्रभारी मंत्री को फोन



करंट क्राइम। पार्षद वैल्फेयर एसोसिएशन के सदस्यों में दो सदस्यों की संख्या का इजाफा हुआ। नगर निगम में जब बैठक हुई तो नामित पार्षद प्रदीप चौधरी और नामित पार्षद सुमन जाटव पहुंचे। यहां पर विकास को लेकर ईमोशन का ज्वार प्रदीप चौधरी में दिखाई दिया। जब ये चर्चा हुई कि मेयर से मुलाकात की जाये। या उन्हें लैटर दिया जाये। फिर ये बात हुई कि जिले के प्रभारी मंत्री असीम अरूण से भी बात होगी। क्योंकि शहर के विकास का जिम्मा उनका भी है। वो प्रभारी मंत्री हैं। सूत्र बताते हैं कि यहां इतनी देर में तो नामित पार्षद प्रदीपचौधरी ने जिले के प्रभारी मंत्री असीम अरूण को फोन मिला दिया। फोन कॉल रिसीव हुई और यहां नामित पार्षद प्रदीप चौधरी ने जिले के प्रभारी मंत्री असीम अरूण से कहा कि आप आते हो लेकिन पार्षदों को पता भी नहीं चल पाता। आप विकास के लिए हम पार्षदों से भी मिलें। बताते हैं कि इसके बाद प्रभारी मंत्री असीम अरूण ने आश्वस्त किया कि वो जल्द ही पार्षदों के साथ बात करेंगे, बैठक करेंगे। समय और स्थान तय कर लिया जायेगा।

### पेयजल से लेकर जलभराव के संकट का हल है बैठक

करंट क्राइम। नगर निगम में पार्षद एकत्र थे और पार्षद कार्यकारिणी बैठव ना होने से चिंतित थे। कार्यकारिणी बैठक ना होने के नुकसान गिनाते हुए कहा गया कि 31 मार्च को वित्तीय वर्ष खत्म हो गया। एक अप्रैल से नया वर्ष शुरू हो गया और नया बजट आयेगा। कार्यकारिणी बैठक नहीं है तो बजट पास नहीं होगा। बजट पास नहीं होगा तो काम नहीं होगा। गर्मी का मौसम हैऔर पेयजल के लिए नलकूल रिबोर होने हैं। नयी पाईपलाईन ड़लनी है। गर्मी में पार्कों में भी पम्प सूखे पड़े हैं। ये तभी हो सकते हैं जब बजट पास होगा। प्रस्ताव पहले कार्यकारिणी में पास होंगे और बोर्ड बैठक में पास होंगे।

### बोर्ड की प्रत्याशा लिखकर होती है फाईल पास

करंट क्राइम। निगम पार्षद विकास को लेकर चिंतित थे और उनकी चिंता थी कि कार्यकारिणी बैठक नहीं हो रही है और विकास अवरूद्ध हो गया है। अगर अधिकारियों को प्रस्ताव देते हैं तो वो बता देते हैं कि बजट नहीं है। इस बैठक में कहा गया कि कार्यकारिणी मीटिंग ना होने के कारण कई फाईलों पर प्रत्याशा लिखकर फाईल पास करा ली जाती है।

# भाजपा कब करेगी अपने बौद्धिक फेस पर विचार कब मिलेगी पृथ्वी सिंह कसाना को मजबूत जिम्मेदारी



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा अपनी राजनीति के सफलतम दौर में है। केंद्र में लगातार तीसरी बार सरकार रिपीट हुई है। उत्तर प्रदेश में लगातार दूसरी बार भाजपा सत्ता में है। सरकार सत्ता में आती है तो बहार उन चेहरों पर भी आती है जिन्होंने पार्टी के लिये लाइफटाइम काम किया। भाजपा में केवल संघर्षहीन चेहरे ही नहीं है बल्कि यहां बौद्धिक चेहरे भी हैं। बौद्धिक चेहरों ने भी संघर्ष किया है, एक लंबे समय के लिये पार्टी के लिये काम किया है और ये वो चेहरे हैं जो भाजपा की शालीन शिक्षित संस्कृति के संवाहक हैं। भाजपा के इन चेहरों में आज जिक्र उस चेहरे का हो रहा है जो बौद्धिक चेहरे के रूप में अपनी पहचान रखते हैं जो शिक्षाविद हैं और जो आवाज को लाउड किये बिना द्दढता के साथ अलग-अलग मंचों पर पार्टी की बात रखते हैं। भगवा सियासत के इस बौद्धिक चेहरे का नाम पृथ्वी सिंह कसाना है। पृथ्वी सिंह लोनी के रहने वाले हैं और एक लंबे समय से वो गाजियाबाद शहर में रहते हैं। पृथ्वी सिंह कसाना शिक्षाविद हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि वो भाजपा के एक बौद्धिक चेहरे के रूप में समाज के हर वर्ग में अपनी एक खास पहचान रखते हैं। पृथ्वी सिंह कसाना लोनी के एक संपन्न और प्रतिष्ठित परिवार से ताल्लुक रखते हैं। शहर की राजनीति में ये एक ऐसा नाम है जो विवादों से दूर रहने वाले हैं। जो पार्टी के हर आयाम में रहे हैं, लेकिन ये वो चेहरा है जिन्हें अपने किरदार के अनुरूप कोई सियासी पुरस्कार नहीं मिला। सबसे बड़ी बात ये है कि आज की संस्कृति में जरा सा कुछ ना मिलने पर खुद को देवतुल्य कहने वाले फेसबुक पर मोर्चा खोल देते हैं, पार्टी से दूरी बना लेते हैं। अक्सर कई बार भाषा की मयार्दा खो देते हैं, लेकिन पृथ्वी सिंह कसाना भाजपा के वो पिलर हैं जिन्होंने कभी भाषा की मयार्दा नहीं खोई, कभी उनका लहजा सख्त नहीं हुआ, एक बड़ा किरदार है लेकिन उससे भी बड़ी बात ये है कि जीवन में कुछ नहीं मिला लेकिन कभी कभी किसी से गिला नहीं किया। ये तब है जब राजनीति के बड़े दरबारों में उनकी पहुंच है। बड़े नेता उन्हें नाम से जानते और चेहरे से पहचानते हैं। समाज में मान-सम्मान, प्रतिष्ठता है, लेकिन संयम ऐसा है कि भाजपा का झंडा उठा रहे हैं, भाजपा की विचारधारा को आत्मसात किया हुआ है। भले ही कुछ नहीं मिला लेकिन मौन साध लिया है। भाजपा की सियासी हलचल में इस नाम पर चर्चा होती है, ये नाम संघ वालों से लेकर लखनऊ और दिल्ली में संगठन वालों को कब ध्यान आयेगा। वो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ही रहेंगे या उनके किरदार के मुताबिक उनका नाम आयेगा। आखिर वो दिन कब आयेगा जब दर्जाप्राप्त वाली लिस्ट में पृथ्वी सिंह कसाना का नाम आयेगा। क्या किसी आयोग में इनके नाम का कोई योग बनेगा। क्या पार्टी हाईकमान इस नाम पर भी चिंतन करेगा। पृथ्वी सिंह कसाना भाजपा की शिक्षित और कुलीन राजनीति चेहरा है। विषयों पर एक शानदार पकड़ रखते हैं, लेकिन सवाल राजनीति में यही उठता है कि आखिर कृपा उनके नाम पर कहां अटक रही है।

कभी नाराजगी भी जाहिर नहीं करते और कोई ऐसा घटनाक्रम किसी को याद नहीं आता कि पृथ्वी सिंह कसाना जैसे खुद्दार नेता ने खुद जाकर अपने लिये किसी भी बड़े नेता से कुछ मांगा हो। पृथ्वी सिंह कसाना ऐसे राजनीतिक प्रोफाइल नेता हैं जिनके अपने सिद्धांत तय है। अपने मयार से वो नीचे नहीं आएंगे, लेकिन क्या राजनीति में भगवा कृपा वाले उनके भी अच्छे दिन आएंगे। क्या संगठन अपने इस शांत-कुलीन और वफादार चेहरे पर भी ध्यान करेगा।

सरकार में अभी बहुत से ऐसे पद हैं जो ऐसे व्यक्तित्व के कद के अनुसार दिये जा सकते हैं। राजनीति मान-सम्मान और प्रतिष्ठा के लिये होती है। राजनीति में कद और पद का अपना जलवा है। समय तेजी से गुजर रहा है और उत्तर प्रदेश की सरकार की दूसरी पारी का कार्यकाल भी तेजी से बीत रहा है। केंद्र में भी कई पद हैं और अब देखना यही है कि भाजपा अपने बौद्धिक चिंतन वाले फेस को कब मजबूत बेस देती है। उन पर राजनीतिक कृपा कब होती है।

# आज पुलिस लाइन में पासिंग आउट परेड की होगी फुल ड्रेस रिहर्सल

## 26 अप्रैल को सीएम योगी आदित्यनाथ करेंगे लाइव संबोधन

**पासिंग आउट परेड**

**1400 से अधिक सिपाहियों की ट्रेनिंग हुई पूरी**




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** लगभग एक साल की कड़ी ट्रेनिंग के बाद फील्ड में उतरने जा रहे नए महिला और पुरुष सिपाहियों की पासिंग आउट परेड की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। शुक्रवार को पुलिस लाइन में इन रंगरूटों की फुल ड्रेस रिहर्सल आयोजित होगी, जिसमें वरिष्ठ अधिकारी पूरी व्यवस्था पर नजर रखेंगे। रिहर्सल के दौरान परेड की प्रत्येक गतिविधि को बारीकी से जांचा जाएगा, ताकि मुख्य समारोह में कोई कमी न रह जाए। पुलिस अधिकारियों द्वारा परेड ग्राउंड, मार्च पास्ट, सलामी और अनुशासन से जुड़े सभी पहलुओं की समीक्षा की जाएगी। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने बताया कि 26 अप्रैल को पुलिस लाइन मैदान में भव्य पासिंग आउट परेड आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लाइव स्ट्रीमिंग के जरिए सिपाहियों को संबोधित करेंगे। वहीं उत्तर प्रदेश के डीजीपी राजीव कृष्ण भी कार्यक्रम से जुड़कर जवानों का उत्साहवर्धन करेंगे। यह कार्यक्रम पुलिस विभाग के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। ट्रेनिंग पूरी कर चुके इन सिपाहियों को जल्द ही गाजियाबाद समेत अन्य कमिश्नरेट और जिलों में तैनात किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक, गाजियाबाद में करीब 1400 से अधिक रंगरूटों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है, जिनमें से 600 से अधिक सिपाहियों की तैनाती यहीं की जाएगी। महिला और पुरुष दोनों श्रेणी के नए सिपाहियों के शामिल होने से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बल की संख्या बढ़ेगी, जिससे कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने में मदद मिलेगी।

# अधिकारियों ने सुनी जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधियों की बात

## बैठक में बताये राजेन्द्र मित्तल और तरुण भारद्वाज ने जिले के हालात



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समन्वय बिठाने के लिए अब जिले के पुलिस औरप्रशासनिक अधिकारी जनप्रतिनिधियों के भी प्रतिनिधियों के साथ मुलाकात करते हैं। इस मुलाकात का एक दिन तय है और इस मुलाकात में पुलिस कमिश्नर मौजूद रहते हैं, जिलाधिकारी मौजूद रहते हैं, विभाग के बड़े अधिकारी मौजूद रहते हैं। जिले के ये तमाम बड़े पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधियों से फीडबैक लेते हैं। उनके सुझावों को सुनते हैं। पुलिस लाईन में ये बैठक गुरूवार को आयोजित हुई। इस बैठक में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त केशव चौधरी मौजूद थे और अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे और मासिक बैठक में जनप्रतिनिधि के भी प्रतिनिधि बता रहे थे कि जिले में क्या होना चाहिए। फीडबैक देने के लिए लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के प्रतिनिधि राजेन्द्र मित्तल मैदी वाले कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के प्रतिनिधि के रूप में तरूण भारद्वाज मौजूद थे। इस बैठक में इन दोनों प्रतिनिधियों ने क्षेत्र की कानून व्यवस्था, जनसुरक्षा और आम जनता की समस्या के जुड़े मुददों को प्रमुखता से रखा। बैठक में सार्थक चर्चा इस बात पर हुई कि अपराध पर नियंत्रण कैसे किया जाये। महिला सुरक्षा और क्षेत्र में शांति व्यवस्था को केसे मजबूत बनाया जाये। पुलिस प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधियों के साथ हुई इस बैठक में संकल्प लिया गया कि जनता की सुरक्षा और विश्वास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निरंतर कार्य किया गया।

# कवि नगर हाईटेक थाना बनकर तैयार

## 27 अप्रैल को होगा भव्य उद्घाटन

### रात में होगा विशेष आयोजन और बड़ा खाना

#### पुलिस कमिश्नर की मौजूदगी में जनप्रतिनिधियों का जुटेगा जमावड़ा




प्रतीकात्मक चित्र

गाजियाबाद, करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट में थानों की सूरत और व्यवस्था को आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। इसी क्रम में सिटी जोन के प्रमुख थाना कवि नगर को पूरी तरह हाईटेक और आधुनिक सुविधाओं से लैस कर नया स्वरूप दिया गया है। इसका भव्य उद्घाटन 27 अप्रैल को किया जाएगा। इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम में सांसद, कैबिनेट मंत्री, स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री, विधायक समेत शहर के कई प्रमुख जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग आमंत्रित रहेंगे। नए स्वरूप में तैयार हुए थाना कवि नगर में अत्याधुनिक बिल्डिंग के साथ कई नई सुविधाएं जोड़ी गई हैं। परिसर में आकर्षक वॉटर फाउंटेन, रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा, मिशन शक्ति केंद्र, भव्य थाना कार्यालय, वरिष्ठ नागरिक सेल और साइबर सेल स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा थाना प्रभारी कक्ष, एसीपी कार्यालय, आगंतुक कक्ष और गार्डन को भी आधुनिक तरीके से विकसित किया गया है। थाने का पूरा फर्नीचर बदला गया है और पेयजल के लिए नया वाटर प्लांट लगाया गया है। पुलिसकर्मियों के लिए भी बेहतर कार्य वातावरण तैयार किया गया है, जिससे कार्यक्षमता में सुधार की उम्मीद है। उद्घाटन के दिन शाम को कार्यक्रम के बाद रात में थाने परिसर में एक बड़े आयोजन (बड़ा खाना) का भी आयोजन किया जाएगा। इसके बाद थाना कवि नगर पूरी तरह नए और आकर्षक लुक में शहरवासियों के सामने होगा। यह पहल पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी, प्रभावी और जनसुलभ बनाने की दिशा में अहम मानी जा रही है।

# एक फीस से बदली किस्मत: अफसर गंभीर सिंह की मदद से 'कृष्णा' ने 76% लाकर लिखी अपनी जीत की कहानी

**हौसले की उड़ान**

**गंभीर सिंह की पहचान सिर्फ एक अफसर के रूप में नहीं, बल्कि ऐसे व्यक्ति के रूप में रही है जो जरूरतमंदों के लिए हमेशा खड़े रहते हैं।**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** यह सिर्फ एक छात्र के पास होने की खबर नहीं, बल्कि इंसानियत, संवेदनशीलता और एक छोटे से सहारे से बदलती जिंदगी की कहानी है। साल 2019 में एक लाचार दादी अपने अनाथ पोते को लेकर कमिश्नरेट पहुंची थीं। उनका मकसद साफ था–किसी तरह बच्चे की पढ़ाई जारी रह सके। वहीं किसी ने उन्हें बताया कि एक पीसीएस अधिकारी गंभीर सिंह जरूरतमंद बच्चों की मदद करते हैं। दादी उसी उम्मीद के साथ बच्चे को लेकर उनके पास पहुंचीं। उस समय गंभीर सिंह नगर निगम मुरादाबाद में तैनात थे। मासूम बच्चे ने जब उनसे कहा–'सर, मेरी फीस जमा नहीं हो रही'–तो यह बात सीधे उनके दिल तक पहुंच गई। गंभीर सिंह ने तुरंत अपनी पत्नी अंजलि से बात की और पूरी स्थिति बताई। अंजलि का जवाब था–'कोई बात नहीं, इस बच्चे को हम अपने बच्चे की तरह पढ़ाएंगे।' इसी एक फैसले ने एक नई कहानी की शुरूआत कर दी। तब से लेकर आज तक हर साल उस बच्चे की पूरी फीस एक साथ जमा कराई जाती रही, ताकि उसकी पढ़ाई बिना किसी रुकावट के जारी रह सके। यह सिर्फ आर्थिक मदद नहीं थी, बल्कि एक भरोसा था, जो हर साल और मजबूत होता गया।

23 अप्रैल 2026 को जब उत्तर प्रदेश बोर्ड का कक्षा 10 का परिणाम घोषित हुआ, तो वही बच्चा कृष्णा 76 प्रतिशत अंक लेकर सफल हुआ। जैसे ही यह खबर दादी को मिली, उन्होंने फोन कर भावुक होकर कहा–'बेटा, आपकी मदद से मेरा कृष्णा पास हो गया' यह सिर्फ एक वाक्य नहीं, बल्कि उस संघर्ष, उम्मीद और सहयोग की जीत थी, जो पांच साल पहले एक छोटे से भरोसे के साथ शुरू हुई थी।

गंभीर सिंह गाजियाबाद में सिटी मजिस्ट्रेट और एडीएम सिटी जैसे महत्वपूर्ण पदों पर भी रह चुके हैं, लेकिन उनकी पहचान सिर्फ एक अफसर के रूप में नहीं, बल्कि ऐसे व्यक्ति के रूप में रही है जो जरूरतमंदों के लिए हमेशा खड़े रहते हैं। पद बदलते रहे, लेकिन उनकी सोच और संवेदनशीलता नहीं बदली। यह कहानी एक संदेश भी देती है कि अगर कोई सक्षम है, तो उसे कम से कम एक बच्चे की पढ़ाई की जिम्मेदारी जरूर उठानी चाहिए, जब तक उसकी शिक्षा पूरी न हो। क्योंकि कभी-कभी एक छोटी सी मदद किसी की पूरी जिंदगी की दिशा बदल देती है और वही मदद आगे चलकर एक नई प्रेरणा बन जाती है।

## संपादकीय

# आवारा कुत्तों का आतंक

हैरत की बात है कि इतनी बड़ी घटना होने पर भी स्थानीय प्रशासन की ओर से आवारा कुत्ते को पकड़ने की कोशिश नहीं की गई। परिणाम यह हुआ कि उसने बारातघर से निकल कर कई राहगीरों और दुकानदारों को भी काटा और फिर एक गांव में मवेशियों पर हमला किया। विचित्र बात है कि सर्वोच्च न्यायालय के तमाम दिशा-निर्देशों के बावजूद न तो रिहायशी इलाकों से आवारा कुत्तों को हटाने पर गंभीरता दिखाई जा रही है और न ही इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने के लिए स्थानीय निकाय ईमानदारी से प्रयास करते नजर आ रहे हैं। नतीजा यह कि कई जगहों पर आज भी नागरिक भय और जोखिम में हैं। उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले में हाल में हुई आवारा कुत्ते के काटने की एक खौफनाक घटना ने आम लोगों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक दुल्हन की विदाई के समय बारातघर में घुसे आवारा कुत्ते ने साठ से अधिक लोगों को काट लिया। अचानक हुए इस हमले में वहां भगदड़ जैसी स्थिति बन गई और इससे कई लोगों को चोटें भी आईं। हैरत की बात है कि इतनी बड़ी घटना होने पर भी स्थानीय प्रशासन की ओर से आवारा कुत्ते को पकड़ने की कोशिश नहीं की गई। परिणाम यह हुआ कि उसने बारातघर से निकल कर कई राहगीरों और दुकानदारों को भी काटा और फिर एक गांव में मवेशियों पर हमला किया। इस घटना की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि सौ से ज्यादा लोगों को रेबीजरोधी टीके लगवाने पड़े। यह निराशाजनक ही है कि शीर्ष अदालत की कड़ी हिदायत के बाद भी आक्रामक कुत्तों को पकड़ने और उन्हें आश्रय स्थलों पर भेजने की माकूल व्यवस्था नहीं की जा रही है। अगर जिला प्रशासन और नगर निकाय ही अपना दायित्व नहीं निभाएंगे, तो आखिर नागरिक अपनी फरियाद लेकर कहां जाएंगे? बदायूं में हुई घटना से वहां के लोग सहमे हुए हैं और इस बात का खतरा बना हुआ है कि कहीं कोई और कुत्ता इस तरह से आक्रामक न हो जाए। इसमें दोराय नहीं कि अगर आवारा कुत्ते को समय रहते पकड़ लिया गया होता, तो इतनी बड़ी संख्या में लोग जख्मी नहीं होते। स्थानीय प्रशासन की यह जिम्मेदारी है कि अगर आवारा कुत्ते आक्रामक हो रहे हैं, तो तत्काल समुचित उपाय किए जाने चाहिए। इस तरह की लापरवाही के लिए जो भी दोषी हों, उन्हें न्याय के कठघरे में लाया जाना जरूरी है, क्योंकि यह मसला आम नागरिकों की सुरक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ा है। राज कपूर की फिल्म आवारा का गीत, हाआवारा हूं, या गर्दिश में हूं, आसमान का तारा हूं ने सड़कों की जिंदगी को एक रुमानियत दे दी थी। भारतीय शहरों में यह रुमानियत सड़कों पर कुत्तों को लेकर भी उमड़ी। आवारा कुत्तों को खिलाने व उनकी देखभाल करने का एक बड़ा तबका तैयार हुआ। जल्द ही यह रुमानियत खौफ में बदल गई, जब आवारा कुत्तों के काटने से लोगों की जान पर बन आई। क्या बच्चे और बड़े, सभी आवारा कुत्तों के काटने के शिकार हुए।

# भारत में अरबपतियों की बाढ़, 2031 तक 313 का अनुमान

## नाइट फ्रैंक रिपोर्ट : 51% बढ़ेगी अरबपतियों की संख्या

### अल्ट्रा-रिच आबादी 25 हजार के पार जाने का अनुमान



### वैश्विक रैंकिंग में भारत का दबदबा

भारत अब दुनिया की छठी सबसे बड़ी अति अमीर आबादी वाला देश बन चुका है। अगर अरबपतियों की बात करें, तो पिछले पांच वर्षों में भारत में इनकी संख्या में 58 प्रतिशत की शानदार वृद्धि हुई है। इस श्रेणी में भारत अब विश्व स्तर पर अमेरिका, 914 अरबपति और चीन 485 अरबपति के बाद तीसरे स्थान पर काबिज है।

### परिपक्व होती भारतीय अर्थव्यवस्था

नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा कि भारत के 'वेल्थ क्लब' का विस्तार इसकी आर्थिक विकास यात्रा का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि भारत अब एक अधिक उद्यमशील अर्थव्यवस्था में बदल रहा है, जहां गहरी पूंजी, परिष्कृत वित्तीय बाजार और विश्व स्तर पर जुड़े हुए संस्थापकों और निवेशकों का एक बड़ा समूह तैयार हो रहा है।

**नई दिल्ली।** भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती और वैश्विक स्तर पर बढ़ते इसके प्रभाव का असर अब देश के सुपर रिच क्लब के आंकड़ों में भी साफ दिखाई देने लगा है। प्रमुख रियल एस्टेट कंसल्टेंट नाइट फ्रैंक की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में अरबपतियों की संख्या में आने वाले वर्षों में भारी उछाल आने वाला है। अनुमान है कि साल 2031 तक भारत में अरबपतियों की कुल संख्या 51 प्रतिशत बढ़कर 313 तक पहुंच जाएगी।

**वेल्थ क्रिएशन में भारत की लंबी छलांग**

नाइट फ्रैंक ने अपनी प्रमुख रिपोर्ट द वेल्थ रिपोर्ट का 20वां संस्करण जारी किया। आंकड़ों के मुताबिक, भारत में अल्ट्रा-हाई नेट वर्थ इंडिविजुअल्स की आबादी 2031 तक 25,217 होने का अनुमान है। गौरतलब है कि अति अमीर व्यक्ति उन व्यक्तियों को माना जाता है जिनकी शुद्ध संपत्ति 30 मिलियन डॉलर, यानी लगभग 250 करोड़ या उससे अधिक होती है। वर्तमान में, भारत में 19,877 ऐसे अति-धनी व्यक्ति और 207 अरबपति मौजूद हैं। रिपोर्ट बताती है कि दुनिया भर में भू-राजनीतिक अस्थिरता, बढ़ती ब्याज दरों और अनिश्चित आर्थिक प्रदर्शन के बावजूद वैश्विक संपत्ति निर्माण में तेजी देखी गई है।

**इन क्षेत्रों ने लिखी सफलता की गाथा**

भारत में धन सृजन की इस असाधारण गति के पीछे मुख्य रूप से टेक्नोलॉजी, इंडस्ट्रियल्स और कैपिटल मार्केट्स का बड़ा हाथ है। नाइट फ्रैंक का कहना है कि भारत की अति अमीर आबादी आज के 19,877 से बढ़कर 2031 में 25,217 हो जाएगी। रिपोर्ट के अनुसार, भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई अकेले देश की 35.4 प्रतिशत अति-धनी आबादी का घर है। यह शहर निवेश और व्यापारिक गतिविधियों का केंद्र बना हुआ है, जिससे यहां संपत्ति का संकेंद्रण सबसे अधिक है।

# पश्चिम एशिया संकट का असर

## चावल निर्यात 7.5% घटकर 11.53 अरब डॉलर रहा



### इंडक्शन चूल्हे के उपकरणों पर सीमा शुल्क घटा सकता है केंद्र

सरकार घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और पश्चिम एशिया संकट के बीच कीमतों में वृद्धि से निपटने के लिए इंडक्शन चूल्हे के महत्वपूर्ण उपकरणों पर सीमा शुल्क में कटौती करने पर विचार कर रही है। एक अधिकारी ने बताया, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने इंडक्शन चूल्हे को और अधिक किफायती बनाने के लिए इन पर जीएसटी को 18 फीसदी से घटाकर पांच फीसदी करने की सिफारिश भी की है। इंडक्शन कुकटॉप क्षेत्र में मांग-आपूर्ति की चुनौतियों से निपटने और आपूर्ति एवं कीमतों को स्थिर करने के लिए उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने वाणिज्य विभाग और बिजली मंत्रालय के साथ मिलकर हितधारकों के साथ परामर्श किया है।

**नई दिल्ली।** केंद्र की प्रमुख सामाजिक सुरक्षा योजनाङ्कअटल पेंशन योजना (एपीवाई) के सदस्यों की संख्या नौ करोड़ के पार पहुंच गई है। योजना की बढ़ती पहुंच और प्रभाव के चलते वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान सकल नामांकन 1.35 करोड़ सदस्यों से अधिक हो गया है।

36 रुपये का अंतिम लाभांश देगी टेक महिंद्रा टेक महिंद्रा का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 16 फीसदी बढ़कर 1,353.8 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी के बोर्ड ने 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए पांच रुपये अंकित मूल्य वाले हर शेयर पर 36 रुपये का अंतिम लाभांश देने की सिफारिश की है। चौथी तिमाही में कर्मचारियों की संख्या 817 घटकर 75,377 रह गई।

रियल एस्टेट- निवेश 72% बढ़कर रिकॉर्ड 5.1 अरब डॉलर वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में जनवरी-मार्च में पूंजी निवेश सालाना आधार पर 72 फीसदी बढ़कर रिकॉर्ड 5.1 अरब डॉलर पहुंच गया। रियल एस्टेट सलाहकार सीबीआरई के मुताबिक, रिकॉर्ड निवेश में डेवलपर्स की मुख्य हिस्सेदारी रही। इसके बाद रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (रीट) का स्थान रहा। आंकड़ों के मुताबिक, कुल निवेश में डेवलपर्स की हिस्सेदारी 42 फीसदी रही, जबकि रीट का 40 फीसदी योगदान रहा। कुल निवेश का 96 फीसदी हिस्सा घरेलू निवेशकों से प्राप्त हुआ।

# पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने की बात को सरकार ने बताया गलत

## कहा- बाजार में फैलाई जा रही अफवाह




**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम मंत्रालय ने पेट्रोल-डीजल महंगे होने की खबरों को गलत बताया है। मंत्रालय ने कहा कि कीमतें बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है और ऐसी खबरें डर फैलाने वाली हैं। पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की खबरों को भ्रामक बताया है। मंत्रालय ने कहा कि कुछ समाचार रिपोर्टों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी का दावा किया जा रहा है। सरकार के सामने फिलहाल पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

दरअसल, कोटक संस्थागत इक्विटी की रिपोर्ट में दावा किया जा रहा था कि पेट्रोल-डीजल के दाम 25 से 28 रुपये प्रति लीटर तक बढ़ सकते हैं। देश में जारी राज्य चुनावों के बाद पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बड़ी बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमतें कई अहम कारकों से तय होती हैं। इनमें सबसे बड़ा असर अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) की कीमतों का होता है, क्योंकि पेट्रोल और डीजल इसी से तैयार किए जाते हैं। वैश्विक स्तर पर क्रूड ऑयल महंगा होने पर घरेलू बाजार में ईंधन की कीमतों पर दबाव बढ़ जाता है। इसके अलावा डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये की स्थिति भी बेहद महत्वपूर्ण होती है। भारत अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा कच्चे तेल के रूप में आयात करता है।

### लोगों के मन में डर पैदा करने के लिए फैलाई जा रही ऐसी खबरें- मंत्रालय

सरकार के अनुसार, ऐसी खबरें लोगों में डर और घबराहट फैलाने के उद्देश्य से चलाई जा रही हैं। मंत्रालय ने यह भी कहा कि भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है, जहां पिछले चार वर्षों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है।

### जनता को रहात देने का प्रयास जारी- सरकार

मंत्रालय के मुताबिक, भारत सरकार और सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी के बावजूद आम जनता को राहत देने के लिए लगातार कदम उठाए हैं, ताकि लोगों पर अतिरिक्त बोझ न पड़े।

# अमेरिकी बाजार नई ऊंचाई पर, तेल 100 डॉलर पार–ईरान युद्ध का असर गहराया



**नई दिल्ली।** ईरान से जंग के बीच बुधवार को अमेरिकी शेयर मार्केट ने नई ऊंचाई को छुआ। हालांकि कच्चे तेल की कीमत ने 100 डॉलर का आंकड़ा पार कर लिया। वहीं, वैश्विक बाजारों की बात करें तो यूरोप में गिरावट रही, जबकि एशिया में मिला-जुला रुख दिखा। जापान का निक्की 225 थोड़ा बढ़ा, लेकिन हांगकांग का हांग सेंग नीचे चला गया।

अमेरिका के शेयर बाजार में बुधवार को जबरदस्त तेजी देखने को मिली और प्रमुख इंडेक्स नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए। एसएंडपी 500 करीब 1% चढ़कर अपने पिछले ऑल-टाइम हाई को पार कर गया। वहीं डाउ जोन्स औद्योगिक औसत में 340 अंकों की बढ़त रही और नैस्डैक कंपोजिट ने भी 1.6% उछलकर नया रिकॉर्ड बना लिया। बड़ी कंपनियों के उम्मीद से बेहतर नतीजों ने बाजार को मजबूती दी। तेल की कीमतों ने चिंता की लकीरें बढ़ाई हालांकि इस उत्साह के बीच एक बड़ी चिंता भी बनी रही- तेल की कीमतें।

### जीई वर्नोवा के शेयर करीब 13.7% चढ़े

इस तेजी में जीई वर्नोवा का बड़ा योगदान रहा, जिसके शेयर करीब 13.7% चढ़ गए। कंपनी ने उम्मीद से ज्यादा मुनाफा कमाया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से जुड़े डेटा सेंटरों के लिए भारी ऑर्डर मिले। इसी तरह बोस्टन साइंटिफिक, बोइंग और फिलिप मॉरिस इंटरनेशनल के शेयर भी मजबूत तिमाही नतीजों के बाद तेजी से बढ़े। दूसरी ओर, गांजा (कैनाबिस) सेक्टर की कंपनियों में तेजी आई। रिपोर्ट्स के अनुसार ट्रंप प्रशासन मारिजुआना को कम खतरनाक श्रेणी में डालने की तैयारी कर रहा है, जिससे इस इंडस्ट्री पर टैक्स का बोझ कम हो सकता है। इससे टिलरे ब्रांड्स और कैनोपी ग्रोथ के शेयरों में जोरदार उछाल आया।

# सराफा बाजार पर वैश्विक अनिश्चितता का असर

## सोना 300 रुपए फिसला, चांदी में भारी गिरावट



**नई दिल्ली।** अमेरिका-ईरान शांति वार्ता को लेकर अनिश्चितता के बीच सोने और चांदी की कीमतों में नरमी देखने को मिला। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 300 रुपये टूटकर 1.57 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही, जबकि चांदी 2,700 रुपये फिसलकर 2.55 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 300 रुपये टूटकर 1,57,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रहा।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, बुधवार को सोने की कीमतों में गिरावट आई, क्योंकि अमेरिका-ईरान के बीच दूसरे दौर की बातचीत की योजना विफल हो गयी। हालांकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संघर्ष विराम की अवधि बढ़ा दी है। उन्होंने कहा कि प्रगति की कमी ने अनिश्चितता को बढ़ाए रखा, जिससे कच्चे तेल और डॉलर की कीमतों को समर्थन मिला, जबकि कीमती धातुओं के लिए यह एक बाधा साबित हुआ।

### दुनिया के बाजारों का हाल

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर चांदी 1.46 प्रतिशत बढ़कर 77.80 डॉलर प्रति औंस हो गई, जबकि सोना 0.48 प्रतिशत बढ़कर 4,742.97 डॉलर प्रति औंस रहा। एलकेपी सिक्योरिटीज में शोध विश्लेषण विभाग के उपाध्यक्ष (जिंस और मुद्रा) जतीन त्रिवेदी ने कहा, सोना तेजी के साथ खुला और सकारात्मक दायरे में रहा। इससे जारी संघर्ष विराम की उम्मीदों से समर्थन मिला। हालांकि, संघर्ष विराम की अवधि बढ़ाने के संबंध में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विरोधाभासी बयानों ने बाजार में अस्थिरता को बढ़ाए रखा है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दो केलों में 90 मिनट तक कड़े व्यायाम करने के लिए ऊर्जा होती है। केले को खुशी देने वाला फल भी कहा जाता है।
- हमारे दिमाग में अच्छी यादों से ज्यादा बुरी यादों को याद रखने की क्षमता होती है।
- बाएं हाथ से काम करने वाले लोग दांए हाथ से काम करने वाले लोगों की तुलना में कम्प्यूटर गेम्स और खेलों में ज्यादा तेजी से काम करते हैं।
- सिर्फ एक घंटे तक भी अगर हेडफोन का इस्तेमाल कर लिया जाए तो आपके कानों में बैक्टीरिया 700 गुना ज्यादा बढ जाते हैं।
- अगर आप मदद के लिए पुकार रहे हैं तो कुछ लोगों को खासतौर पर चुनिए जैसे आप जिन्होंने लाल शर्ट पहनी है। इससे उन लोगों को जिम्मेदारी का एहसास होगा और आपको मदद मिलने की संभावना बढ जाएगी।
- आपकी लंबाई साधारण तौर पर पिता पर जाती है जबकि दिमागी क्षमता, भावनात्मक मजबूती और शरीर की बनावट मम्मी पर।
- काम करते समय खुद से बातचीत करने से ध्यान भटकना कम होता है।

## राशिफल

**मेष :** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष :** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन :** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क :** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह :** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या :** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला :** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक ? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु :** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर :** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ :** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन :** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

पत्नी : तुम मुझे कितनी मोहब्बत करते हो?
पति : जितनी चाय में चीनी
पत्नी : मतलब?
पति : बिना तुम्हारे सब फीका

-------------

डॉक्टर : तुम्हें आराम की जरूरत है
मरीज : पर डॉक्टर, मैं तो रोज ऑफिस में आराम ही करता हूं

-----------------

टीचर : होमवर्क क्यों नहीं किया?
स्टूडेंट : सर, लाइट चली गई थी
टीचर : तो दिन में कर लेते
स्टूडेंट : दिन में तो नींद आ रही थी

---------------------

पत्नी : आज सब्जी में नमक ज्यादा है
पति : वो इसलिए क्योंकि मैं तुमसे ज्यादा प्यार करता हूं

-----------------

दोस्त : शादी के बाद क्या बदल गया?
दूसरा : पहले मैं खुश रहता था अब समझदार हो गया हूं

------------------

बेटा : पापा, मैं फेल हो गया
पापा : कोई बात नहीं, अगली बार पास हो जाना
बेटा : पापा, आप भी तो 3 बार फेल हुए थे
पापा : हां, इसलिए तो एक्सपीरियंस से बोल रहा हूं

24 04 2026 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

## आज के जन्मदिन




सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)





## दिल्ली कैपिटल्स के लिए खुशखबरी

# टीम से जल्द जुड़ेंगे मिचेल स्टार्क क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के स्टार तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से आईपीएल 2026 में खेलने की मंजूरी मिल गई है। स्टार्क के टीम से जुड़ने से दिल्ली की गेंदबाजी मजबूत होगी और टीम को सीजन के अहम मुकाबलों में बड़ा फायदा मिल सकता है। यह फैसला टीम के लिए मनोबल बढ़ाने वाला है, खासकर तब जब प्लेऑफ की रेस तेज हो रही है।

तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने प्रतियोगी क्रिकेट खेलने की मंजूरी दे दी है। सीए से मंजूरी मिलने के बाद मिचेल स्टार्क आईपीएल 2026 के लिए दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) का हिस्सा बनने को तैयार हैं। कोहनी और कंधे की दिक्कतों की वजह से अब तक आईपीएल से बाहर रहे स्टार्क जल्द



दिल्ली कैपिटल्स से जुड़ सकते हैं। स्टार्क के एक मई को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ दिल्ली के मैच में खेलने की संभावना है।

**स्टार्क ने फैंस से माफी मांगी थी**

स्टार्क ने लिखा था, 'भारतीय मीडिया में और उसके जरिए कुछ लोगों की राय और विचारों के बावजूद, मैं अभी अपने कंधे और कोहनी की चोट का रिहैब और प्रबंधन कर रहा हूं, जिसके बारे में मुझे ऑस्ट्रेलियाई गर्मियों के दौरान पता नहीं था कि वह कितनी गंभीर है। इन लोगों ने आईपीएल में शामिल होने को लेकर कुछ कड़े बयान दिए हैं और खिलाड़ियों के बारे में बहुत गलत राय दी है, उन्हें सच बताकर पेश किया है, और दावा किया है कि वे मेरे शरीर को मुझसे बेहतर जानते हैं।'

### दिल्ली के लिए अहम होगा

स्टार्क ने आगे कहा था, 'मैं मानता हूं कि यह चोट और टाइमिंग दिल्ली टीम के लिए परेशानी वाली है, और मैं इसके लिए और इस सीजन के शुरूआती हिस्से के लिए उपलब्ध नहीं होने के लिए फैंस से माफी मांगता हूं। मैं डीसी से जुड़ने के लिए प्रतिबद्ध हूं, टीम को लगातार अपडेट कर रहा हूं।' मिचेल स्टार्क के जुड़ने से निश्चित रूप से दिल्ली कैपिटल्स की गेंदबाजी मजबूत होगी और विपक्षी टीमों की मुश्किल बढ़ेगी। डीसी छह मैचों में तीन जीत और तीन हार के साथ छह अंक लेकर अंकतालिका में पांचवें स्थान पर है।

### स्टार्क को लगी थी चोट

स्टार्क को कंधे और कोहनी की दिक्कत एशेज सीरीज के पांच टेस्ट और फिर बिग बैश लीग खेलने के दौरान हुई थी। स्टार्क ने एशेज सीरीज के सभी पांच टेस्ट खेले थे और प्लेयर ऑफ द सीरीज का खिताब जीता था।स्टार्क के आईपीएल से बाहर रहने की आलोचना सोशल मीडिया पर हो रही थी। इसको लेकर कुछ समय पहले उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए अपना पक्ष रखा था।

# खेल में राजनीति कर रहा पाकिस्तानः भारत में होने वाले इस टूर्नामेंट से नाम वापस लिया

**कराची।** पाकिस्तान ने सैफ महिला चैंपियनशिप 2026 से अपना नाम वापस लेकर एक बार फिर खेल में राजनीति की एंट्री कर दी है। इससे टूर्नामेंट अब छह टीमों के साथ होगा और पाकिस्तान महिला टीम को बड़ा नुकसान हुआ है, जबकि भारत और बांग्लादेश खिताब के प्रबल दावेदार बने हुए हैं।

दक्षिण एशिया के बड़े फुटबॉल टूर्नामेंट सैफ विमेंस चैंपियनशिप 2026 से पाकिस्तान ने अपना नाम वापस ले लिया है। पाकिस्तान फुटबॉल फेडरेशन ने इसकी आधिकारिक पुष्टि करते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच बिगड़ते रिश्तों के चलते यह फैसला लिया गया है। यह टूर्नामेंट 25 मई से छह जून तक गोवा के पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेला जाना है।

टूर्नामेंट अब छह टीमों के साथ

पाकिस्तान के हटने के बाद अब इस टूर्नामेंट में कुल 6 टीमें हिस्सा लेंगी। इनमें भारत, नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश, भूटान और मालदीव



शामिल हैं। ढाका में हुए ड्रॉ में इन टीमों को दो समूहों में बांटा गया है, जिससे प्रतियोगिता का रोमांच बरकरार रहेगा।

**पाकिस्तान महिला फुटबॉल को बड़ा झटकाः** यह फैसला पाकिस्तान महिला फुटबॉल के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। हाल के वर्षों में टीम धीरे-धीरे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी कर रही थी और इस टूर्नामेंट को खुद को साबित करने का बड़ा मौका माना जा रहा था। लेकिन एक बार फिर राजनीतिक तनाव ने खेल पर असर डाला और खिलाड़ियों का यह मंच छिन गया।

**पहले भी खेलों से पीछे हट चुका है पाकिस्तानः** यह पहली बार नहीं है जब पाकिस्तान ने भारत में होने वाले किसी खेल आयोजन से दूरी बनाई हो। इससे पहले भी पाकिस्तान ने पुरुष जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप और एशिया कप में अपनी टीम नहीं भेजी थी। यह लगातार बढ़ती प्रवृत्ति दर्शाती है कि खेल और राजनीति का टकराव दक्षिण एशिया में अभी भी जारी है।

# 'एकाना की सतह वाका जैसी', LSG के कोच

## लैंगर ने लखनऊ की पिच पर मढ़ा दोष, लगातार चार मैच हार चुकी टीम

**लखनऊ।** आईपीएल 2026 में लगातार चार हार के बाद लखनऊ सुपर जाएंट्स (LSG) संकट में है और अंक तालिका में नौवें स्थान पर खिसक गई है। कोच जस्टिन लैंगर ने हार का दोष एकाना की पिच पर मढ़ा है, जबकि राजस्थान के खिलाफ लखनऊ के चार खिलाड़ी शून्य पर आउट हुए।

लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने एकाना की पिच की तुलना पर्थ की बीते जमाने की मशहूर वाका पिच से की और स्वीकार किया कि उनकी टीम इसमें मिलने वाली गति और उछाल से तालमेल बिठाने में नाकाम रही है।

एलएसजी अपने घरेलू मैदान पर अब तक खेले गए तीनों मैच हार चुका है। दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटन्स के खिलाफ उसे यहां क्रमशः छह और सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा जबकि बुधवार को



राजस्थान रॉयल्स ने उसे 40 रन से हराया। पिछले सत्र में भी एलएसजी ने यहां खेले गए आठ मैचों में से छह मैच हारे थे। इस तरह से उसने इस मैदान पर खेले गए 22 मैचों में से केवल नौ में जीत हासिल की है।

लैंगर ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'यहां की पिच भारत के दूसरे स्थानों की पिच से बहुत अलग है। यह क्रिकेट के लिए शानदार पिच है। यहां आपको गति और उछाल दोनों देखने को मिलते हैं। हम अभी तक इससे सामंजस्य नहीं बिठा पाए हैं। हमने अच्छी शुरूआत की थी। हम इस पिच पर अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं लेकिन हमारे बल्लेबाज इससे मिलने वाली अतिरिक्त गति और उछाल से तालमेल नहीं बिठा पा रहे हैं। हमारे बल्लेबाज कई बार शॉर्ट पिच गेंदों पर आउट हुए।'

लैंगर ने कहा, 'भारत में हमने कई ऐसी पिचें देखी हैं जहां गेंद अधिक उछाल नहीं लेती है, लेकिन यह पिच वाका की पिच की तरह है। यहां गेंद को अच्छी गति और उछाल मिलती है। यहां आपको वाकई दिलचस्प क्रिकेट देखने को मिल रहा है।' कप्तान ऋषभ पंत, ऑस्ट्रेलिया के मिचेल मार्श, दक्षिण अफ्रीका के टी20 कप्तान एडन मार्क्रम और निकोलस पूरन जैसे धाकड़ बल्लेबाजों की मौजूदगी के बावजूद एलएसजी की टीम अपने घरेलू मैदान पर प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाने के लिए संघर्ष कर रही है। उसने अब तक यहां तीन मैच में 141, आठ विकेट पर 164 और 119 रन ही बनाए हैं।

लैंगर ने कहा, 'हमारे बल्लेबाज अभी तक लय हासिल नहीं कर पाए हैं। हमारी बल्लेबाजी लाइनअप को देखते हुए सत्र की शुरूआत में किसी ने भी यह नहीं सोचा होगा कि हमारे बल्लेबाज लय हासिल नहीं कर पाएंगे। हमने इसकी कल्पना भी नहीं की थी और इसलिए हम इस पर कड़ी मेहनत कर रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'इस साल हमारे गेंदबाजों ने वाकई शानदार प्रदर्शन किया है।

मुझे लगता है मोहसिन खान और प्रिंस यादव, दोनों ऐसे खिलाड़ी हैं जो भारत के लिए खेलेंगे। मुझे इसमें कोई शक नहीं है।' इस बीच नाबाद 43 रन बनाने के अलावा एक विकेट लेकर राजस्थान रॉयल्स की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने कहा कि यह पिच टी20 के लिए आदर्श पिच नहीं है। जडेजा ने कहा, 'इस पिच पर रन बनाना आसान नहीं था।

# नाइट राइडर्स का घरेलू मैदान ओलंपिक में क्रिकेट की मेजबानी करेगा

## ICC के सीईओ ने दी बड़ी जानकारी

**लॉस एंजिलिस।** आईसीसी ने 2028 में लॉस एंजिलिस में होने वाले ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी के लिए कमर कस ली है। आईसीसी के सीईओ संजोग गुप्ता ने ओलंपिक में क्रिकेट के आयोजन स्थल के शिलान्यास समारोह शिरकत की।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) संजोग गुप्ता ने कहा कि 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों में क्रिकेट प्रतियोगिता लॉस एंजिलिस नाइट राइडर्स के घरेलू मैदान पर आयोजित की जाएगी, जिसका गुरुवार को शिलान्यास किया गया। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) ने क्रिकेट को लॉस एंजिलिस खेलों में शामिल करने की मंजूरी दी है और गुप्ता ने कहा कि इससे इस खेल के बढ़ते प्रभाव का पता चलता है।

**संजोग गुप्ता ने बताया**



**महत्वपूर्ण क्षण**

गुप्ता ने कहा, यह इतिहास का एक महत्वपूर्ण क्षण है क्योंकि आज हम जिस चीज की नींव रख रहे हैं, वह सिर्फ एक क्रिकेट मैदान नहीं है। हम एक वादे की नींव रख रहे हैं। एक ऐसा वादा जिसे पूरा करने में 128 साल लगे। दुनिया का दूसरा सबसे लोकप्रिय खेल इतने लंबे समय से ओलंपिक मंच से गायब रहा। जब अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने लॉस एंजिलिस 2028 खेलों में क्रिकेट को शामिल करने की औपचारिक मंजूरी दी, तो यह केवल घोषणा मात्र नहीं थी। इससे इस बात का पता चलता है कि ओलंपिक में उन खेलों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए जिन्हें अरबों लोग पसंद करते हैं।

**पोमोना में क्रिकेट स्थल को लेकर क्या बोले गुप्ता?**

पोमोना स्थित क्रिकेट स्थल का जिक्र करते हुए गुप्ता ने कहा कि इसकी विरासत इसे क्रिकेट की ओलंपिक में वापसी के लिए एक आदर्श स्थान बनाती है। उन्होंने कहा, इस वादे को पूरा करने के लिए पोमोना से बेहतर किसी अन्य जगह के बारे में मैं सोच भी नहीं सकता। खेल जगत में सबसे अच्छी चीजें तब होती हैं जब महत्वाकांक्षा और समुदाय का मिलन होता है और पोमोना में ये दोनों ही मौजूद हैं। यह स्थल अब एक ऐसे खेल की मेजबानी करेगा जो अपने मूल में ही समुदाय से जुड़ा हुआ है।

गुप्ता ने कहा कि ओलंपिक मंच क्रिकेट को वैश्विक पहचान देगा। उन्होंने कहा, जब जुलाई 2028 में ओलंपिक खेल होंगे तो चार अरब दर्शकों की निगाहें लॉस एंजिलिस पर होंगी। उनमें से कई लोगों की निगाहें पहली बार क्रिकेट पर पड़ेंगी।

# तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी पर टूटा दुखों का पहाड़

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी की मां का निधन हो गया है। मुकेश आईपीएल 2026 में हिस्सा ले रहे हैं और इसी दौरान उन पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

आईपीएल 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मुकेश की मां का निधन हो गया है। सीएसके ने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर गुरुवार को मुकेश चौधरी की मां के निधन की जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक मुकेश चौधरी की मां प्रेम देवी लगभग एक साल से गंभीर बीमारी से जूझ रही थीं। उनका इलाज मुंबई के एक अस्पताल में चल रहा था।

### मुंबई के खिलाफ खेलने की संभावना कम

रिपोर्ट के मुताबिक मुकेश चौधरी फिलहाल सीएसके टीम के साथ नहीं हैं और गुरुवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ होने वाले मैच में उनके खेलने

### मां का हुआ निधन



की संभावना नहीं है। सीएसके ने पोस्ट किया, सीएसके परिवार मुकेश चौधरी की मां के निधन पर दुख जताता रहा है। हम मुकेश और उनके परिवार के साथ हैं। इस बेहद मुश्किल समय में उन्हें अपनी दुआओं में रखते हैं।

### 2022 से सीएसके का हिस्सा हैं मुकेश

मुकेश चौधरी 2022 से ही सीएसके के साथ रहे हैं। 2022 में उनका आईपीएल डेब्यू हुआ था। उस सीजन 13 मैचों में 16 विकेट लेकर उन्होंने सुर्खियां बटोरी थीं। उस सीजन के बाद से इंजरी और दूसरे खिलाड़ियों की उपलब्धता की वजह से उन्हें ज्यादा खेलने का मौका नहीं मिला है। 2022 के बाद वह केवल चार मैच खेल पाए हैं। आईपीएल 2026 में चौधरी सिर्फ एक मैच खेल पाए हैं जिसमें उन्होंने दो विकेट लिए हैं। सीएसके खिलाड़ियों की चोट से जूझ रही है। तेज गेंदबाज खलील अहमद चोट की वजह से सीजन से बाहर हो चुके हैं। ऐसे में अगर मुकेश चौधरी भी लंबे समय तक टीम से दूर रहते हैं, तो सीएसके की गेंदबाजी और कमजोर होगी। मुंबई इंडियंस के खिलाफ होने वाले मुकाबले से पहले तक सीएसके सीजन में छह मैच खेलकर दो जीत के साथ अंक तालिका में आठवें नंबर पर है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत हासिल कर सीएसके जीत की राह पर लौटने के साथ-साथ अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश करेगी।

# आरसीबी के नुवान तुषारा ने लिया यू-टर्न, श्रीलंका क्रिकेट से मांगी माफी

**कोलंबो।** नुवान तुषारा ने श्रीलंका क्रिकेट के खिलाफ दायर केस वापस लेकर विवाद खत्म कर दिया और माफी भी मांगी। वहीं, आरसीबी आईपीएल 2026 में शानदार प्रदर्शन कर रही है, जहां कप्तान रजत पाटीदार ने टीम की सफलता का राज आक्रामकता और लचीलेपन को बताया।

नुवान तुषारा ने बड़ा कदम उठाते हुए श्रीलंका क्रिकेट के खिलाफ दायर अपना केस वापस ले लिया है। तुषारा ने पहले IPL 2026 में खेलने के लिए नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (NOC) न मिलने पर बोर्ड को कोर्ट में चुनौती दी थी। हालांकि, अब खिलाड़ी ने न सिर्फ केस वापस लिया बल्कि बोर्ड से माफी भी मांगी। उनके वकील ने अदालत में कहा कि टूर्नामेंट के अधिकांश मैच खत्म हो चुके हैं, इसलिए खिलाड़ी अब इस मामले को आगे नहीं बढ़ाना चाहते।

### फिटनेस टेस्ट बना विवाद की जड़

### अपनी बल्लेबाजी में बदलाव पर बोले पाटीदार

पाटीदार ने अपनी बल्लेबाजी में आए बदलाव पर भी खुलकर बात की। उन्होंने कहा, 'मेरी बल्लेबाजी में सबसे बड़ा बदलाव दिमाग से आया है। मैं खेल को कैसे देखता हूं, किसी स्थिति में खुद को कैसे देखता हूं और कैसे दबदबा बनाना चाहता हूं, सब वहीं से शुरू हुआ। मैंने कुछ ट्रिगर मूवमेंट्स पर काम किया और डीके से चर्चा की। जब मुझे भरोसा हो गया, तो मैंने मैच में खुद को नहीं रोका। उसी स्पष्टता ने मुझे बेहतर प्रदर्शन करने में मदद की।'

तुषारा का दावा था कि उन्हें आईपीएल में खेलने से रोका गया, जबकि बोर्ड का कहना था कि वह फिटनेस टेस्ट पास नहीं कर पाए थे। यही विवाद कोर्ट तक पहुंचा। तुषारा आईपीएल 2026 में डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का हिस्सा बनने वाले थे और इससे पहले 2024 और 2025 सीजन में भी खेल चुके हैं।



### आरसीबी का गेम प्लान

आरसीबी की आक्रामक बल्लेबाजी रणनीति पर पाटीदार ने कहा, 'कोई तय प्लान नहीं होता कि मैं कैसे खेलूंगा। अगर मुझे लगता है कि मैं किसी गेंदबाज पर हावी हो सकता हूं, तो मैं ऐसा करता हूं। यह प्लानिंग से ज्यादा इंस्टिंक्ट पर आधारित है। अगर कोई खिलाड़ी महसूस करता है कि वह दबाव बना सकता है, तो वह जिम्मेदारी लेता है, भले ही स्ट्राइक रोटेट न करे। हमारा लक्ष्य गेंदबाज पर लगातार दबाव बनाए रखना है।'

### कप्तान रजत पाटीदार ने बताई सफलता की कुंजी

आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने टीम की सफलता का राज आक्रामकता और लचीलापन बताया। उन्होंने कहा, 'डॉमिनेंस हमारा माइंडसेट है, लेकिन हम कठोर नहीं बनना चाहते। हम स्थिति को समझकर खुद को ढालना चाहते हैं। बल्लेबाजी यूनिट के तौर पर यह लचीलापन हमारे लिए बहुत जरूरी है।'

### आरसीबी की शानदार शुरूआत जारी

इस पूरे विवाद के बीच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का प्रदर्शन क्ढछ 2026 में शानदार रहा है। टीम ने छह मैचों में आठ अंक हासिल कर मजबूत शुरूआत की है।

# क्या भारत में फैंस नहीं देख पाएंगे फुटबॉल विश्व कप

## प्रसारण अधिकार अब तक नहीं बिके, वजह चौंकाने वाली

**नई दिल्ली।** फुटबॉल विश्व कप 2026 के भारत में ब्रॉडकास्ट राइट्स अभी तक नहीं बिके हैं, जिसकी वजह ऊंची कीमत, कम विज्ञापन रिटर्न और मैचों की असुविधाजनक टाइमिंग है। जियोस्टार और सोनी जैसे बड़े ब्रॉडकास्टर्स फिलहाल इंतजार की रणनीति अपना रहे हैं, लेकिन उम्मीद है कि टूर्नामेंट से पहले कोई न कोई डील जरूर हो जाएगी।

फीफा विश्व कप 2026 को शुरू होने में अब 50 दिन का समय बचा है। इस बड़े टूर्नामेंट के करीब आते ही दुनिया भर के फुटबॉल फैंस की उत्सुकता बढ़ती जा रही है, लेकिन भारत में एक बड़ा सवाल अब भी अनसुलझा है। दरअसल, मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस मेगा इवेंट के ब्रॉडकास्ट राइट्स यानी प्रसारण अधिकार आखिर अब तक क्यों नहीं बिक पाए हैं?

आमतौर पर इतने बड़े टूर्नामेंट के लिए टीवी और डिजिटल अधिकारों को लेकर कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिलती है, लेकिन इस बार हालात थोड़े अलग नजर आ रहे हैं। फीफा विश्व कप का आगाज 11 जून से होने जा रहा है।





टूर्नामेंट के इतिहास में इस बार सबसे ज्यादा 48 टीमें हिस्सा लेंगी और यह अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की मेजबानी में खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट का फाइनल 19 जुलाई को खेला जाएगा।

### भारतीय फैंस के लिए चिंता की वजह

भारत में फुटबॉल की लोकप्रियता पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ी है। यूरोपीय लीग्स से लेकर वर्ल्ड कप तक, दर्शकों की संख्या लगातार बढ़ी है। ऐसे में जब फीफा वर्ल्ड कप जैसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के प्रसारण को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है, तो यह भारतीय फुटबॉल समुदाय के लिए चिंता का विषय बन गया है। इस स्थिति ने उस दौर की याद भी दिला दी है जब इंडियन सुपर लीग के आयोजन को लेकर भी असमंजस पैदा हो गया था, जिससे देश में फुटबॉल कल्चर को झटका लगा था। अगर इस बार भी ब्रॉडकास्ट डील समय पर नहीं होती, तो यह खेल के प्रचार-प्रसार पर असर डाल सकता है।

**आखिर क्यों अटकी हुई है डील?**

इस पूरे मामले की जड़ में सबसे बड़ा कारण है ब्रॉडकास्टिंग राइट्स की ऊंची कीमत। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फीफा ने भारत के लिए जो कीमत तय की है, वह स्थानीय ब्रॉडकास्टर्स की अपेक्षाओं से काफी ज्यादा है।

फीफा ने ब्रॉडकास्टिंग राइट्स की कीमत में भारी कटौती करते हुए लगभग 100 मिलियन डॉलर से घटाकर करीब 35-40 मिलियन डॉलर कर दिया है, फिर भी कोई भी ब्रॉडकास्टर डील के लिए आगे नहीं आया है। सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क और जियोस्टार जैसे बड़े खिलाड़ी इस रेस में जरूर हैं, लेकिन वे फिलहाल पीछे हटे हुए हैं। इससे साफ है कि कम रिटर्न ऑन इन्वेस्टमेंट (फ्ढक), क्रिकेट पर भारी निवेश, जैसी समस्याएं बड़ी बाधा बनी हुई हैं।

फुटबॉल में विज्ञापन के मौके क्रिकेट की तुलना में सीमित होते हैं क्योंकि यह एक लगातार चलने वाला खेल है, जिसमें ब्रेक कम होते हैं। इसके अलावा, भारतीय टीम की अनुपस्थिति भी विज्ञापन देने वालों को ज्यादा पैसा लगाने से रोकती है। ऐसे में ब्रॉडकास्टर्स को यह सौदा उतना फायदे का नहीं लग रहा।

**टाइमिंग भी बनी बड़ी समस्या**

2026 वर्ल्ड कप अमेरिका महाद्वीप में खेला जाएगा, जिससे मैचों का समय भारतीय दर्शकों के लिए काफी चुनौतीपूर्ण हो जाता है। मुकाबले भारतीय समयानुसार आधी रात से सुबह तक खेले जाएंगे। भले ही कट्टर फुटबॉल फैंस किसी भी समय मैच देखने को तैयार रहते हों, लेकिन नौकरीपेशा लोगों और आम दर्शकों के लिए यह समय सुविधाजनक नहीं है।

इसका सीधा असर व्यूअरशिप पर पड़ सकता है, और कम दर्शकों का मतलब है विज्ञापन से कम कमाई। यही कारण है कि ब्रॉडकास्टर्स महंगे राइट्स खरीदने में हिचकिचा रहे हैं।

# लगातार तीसरा मैच हारी भारतीय टीम

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका ने पहला टी20 मुकाबला छह विकेट से और दूसरा आठ विकेट से जीता था। वोल्वाड्र्ट ने पहले मैच में 51 और दूसरे मैच में 54 रन की पारी खेली थी।

भारतीय महिला क्रिकेट टीम को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली जा रही पांच टी20 मैचों की सीरीज के तीसरे मैच में हार का सामना करना पड़ा। बुधवार को खेले गए मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने कप्तान एल वोल्वाड्र्ट के शतक की बदौलत मैच 9 विकेट से जीता। भारतीय टीम की यह लगातार तीसरी हार थी। दक्षिण अफ्रीका ने सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त बना ली है।

**भारत ने बनाए थे 192 रन**

दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। भारतीय टीम ने चार विकेट पर 192 रन बनाए थे। टीम इंडिया के लिए पारी की शुरूआत करने आईं शैफाली वर्मा ने 64 रनों की पारी खेली। 46 गेंदों पर खेली गई पारी में वर्मा ने दो छक्के और आठ चौके लगाए थे। इसके अलावा कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 38 गेंदों पर तीन छक्कों और सात चौकों की मदद से 66 रन बनाए थे। स्मृति मंधाना ने 25 गेंदों पर 37 और ऋचा घोष ने 10 गेंदों पर नाबाद 18 रन बनाए।

**वोल्वाड्र्ट का दमदार शतक**

193 का लक्ष्य आसान नहीं था, लेकिन बेहतरीन फॉर्म में चल रही दक्षिण अफ्रीका की कप्तान



वोल्वाड्र्ट ने अपने तीसरे टी20 शतक की बदौलत लक्ष्य को न सिर्फ आसान, बल्कि छोटा साबित कर दिया। पारी की शुरूआत करने आईं वोल्वाड्र्ट 53 गेंदों पर पांच छक्कों और 14 चौकों की मदद से 115 रन बनाकर आउट हुईं। उनका विकेट 183 के स्कोर पर गिरा, तब तक वह टीम के लिए जीत की कहानी लिख चुकी थीं। वोल्वाड्र्ट का टी20 का यह सबसे बड़ा स्कोर है।

**सुने लुस ने भी खेली तूफानी पारी**

उनके साथ पारी की शुरूआत करने आईं सुने लुस 42 गेंदों पर दो छक्कों और छह चौकों की मदद से 64 रन बनाकर नाबाद रहीं। ताजमिन ब्रिट्स चार गेंदों पर दो रन बनाकर नाबाद रहीं।

24 April -26 page 6 23-04-2026 10:58 PM Page 1






# वार्ड 98 के जजेस एनक्लेव में सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ
# पार्षद डॉ. अनिल तोमर ने किया उद्घाटन

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के वार्ड 98 के अंतर्गत आने वाले जजेस एनक्लेव में विकास कार्यों को नई गति देते हुए सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन संपन्न हुआ। स्थानीय पार्षद डॉ. अनिल तोमर द्वारा इस योजना का शुभारंभ किया गया, जो लंबे समय से क्षेत्रवासियों की प्राथमिकता में शामिल थी।

पार्षद डॉ. अनिल तोमर ने इस अवसर पर कहा कि जजेस एनक्लेव की सड़कों का सुदृढ़ीकरण क्षेत्र की प्रगति और निवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस दौरान स्थानीय निवासियों में भारी उत्साह देखा गया। लोगों ने पार्षद की इस पहल का स्वागत किया। इस अवसर पर न्यायाधीश आलोक पाराशर पूर्व सैन्य अधिकारी कैप्टन लक्ष्मण शर्मा, राजेश पंत, बी.के. वर्मा, प्रदीप गुप्ता, आर.के. मिश्रा, धीरज तोमर, सी.पी. सिंह, वीरेंद्र राना, प्रदीप सोलंकी, विकास राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।





# गाजियाबाद की बदलेगी सूरत: जीडीए ने 1580 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का खाका खींचा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के प्रमुख शहर गाजियाबाद को विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस करने के लिए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने कमर कस ली है। अर्बन चैलेंज फंड (2025-26) के तहत प्राधिकरण ने करीब 1580 करोड़ रुपए की चार बड़ी और दूरदर्शी परियोजनाओं का प्रस्ताव तैयार किया है।

**परियोजनाओं का मुख्य आकर्षण:**

इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम (680 करोड़ रुपए): राजनगर एक्सटेंशन में यूपीसीए के सहयोग से बनने वाला यह स्टेडियम गाजियाबाद को अंतरराष्ट्रीय खेल मानचित्र पर स्थापित करेगा। इससे आईपीएल जैसे बड़े आयोजनों का मार्ग प्रशस्त होगा। तुलसी निकेतन पुनर्विकास (600 करोड़ रुपए): वाजीराबाद स्थित जर्जर हो चुकी आवासीय योजना का कायाकल्प कर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को सुरक्षित और आधुनिक आवास उपलब्ध कराए जाएंगे। चौधरी मोड़ फ्लाईओवर (200 करोड़ रुपए): जीटी रोड पर ट्रैफिक जाम की समस्या खत्म करने के लिए 2 किमी लंबे फ्लाईओवर का निर्माण प्रस्तावित है।

**आरडीसी मल्टी-लेवल पार्किंग (100 करोड़ रुपए):** राजनगर डिस्ट्रिक्ट सेंटर में पार्किंग की किल्लत दूर करने के लिए अत्याधुनिक पार्किंग बनाई जाएगी। जीडीए उपाध्यक्ष नन्द किशोर कलाल ने बताया कि इन योजनाओं का लक्ष्य गाजियाबाद को एक 'मॉडल सिटी' बनाना है, जिससे न केवल आधारभूत ढांचा मजबूत होगा, बल्कि नागरिकों के जीवन स्तर में भी बड़ा सुधार आएगा।

# पत्रकार के नाम से फर्जी ईमेल आईडी बनाकर कौन भेज रहा है शिकायतें, साइबर थाने में दर्ज हुआ मुकदमा

गाजियाबाद, करंट क्राइम : शहर में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां अज्ञात व्यक्ति द्वारा एक वरिष्ठ पत्रकार के नाम से फर्जी ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर का इस्तेमाल कर सरकारी विभागों में लगातार शिकायतें भेजी जा रही हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।



शास्त्रीनगर निवासी पत्रकार अनुज चौधरी ने बताया कि उन्हें जीडीए और नगर निगम के माध्यम से जानकारी मिली कि ईमेल आईडी और एक मोबाइल नंबर के जरिए उनके नाम से विभिन्न प्रकार की शिकायतें दर्ज कराई जा रही हैं, जबकि उन्होंने स्वयं ऐसी कोई शिकायत नहीं की है। पीड़ित का कहना है कि यह कृत्य उनकी छवि धूमिल करने और उन्हें बदनाम करने की साजिश का हिस्सा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले भी उनके खिलाफ फर्जी शिकायतों के जरिए दबाव बनाने का प्रयास किया जा चुका है। अनुज चौधरी ने बताया कि वह पिछले 25 वर्षों से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय हैं और पूर्व में उन पर जानलेवा हमला भी हो चुका है, जिसमें उन्हें कई गोलियां लगी थीं। उनके बड़े भाई की हत्या भी हो चुकी है। उन्होंने आशंका जताई कि कुछ आपराधिक तत्व उन्हें डराने-धमकाने और कानूनी कार्रवाई से रोकने के लिए इस तरह की साजिश रच रहे हैं। पीड़ित ने साइबर क्राइम पुलिस से पूरे मामले की गहन जांच कर दोषियों की पहचान कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जल्द ही सच्चाई सामने लाई जाएगी।

# लोनी का डाबर तालाब बना काल
## एक और मौत से हड़कंप, गोताखोर भी लापता

**लोनी (करंट क्राइम)।** लोनी के थाना अंकुर विहार क्षेत्र स्थित डाबर तालाब इन दिनों लगातार हो रही मौतों के कारण खौफ का पर्याय बन गया है। बीते एक सप्ताह में यहां तीन मौतों की घटनाओं ने पूरे इलाके को दहला दिया है। ताजा मामले में 14 अप्रैल से लापता हिस्ट्रीशीटर युवक शादान का शव तालाब से बरामद किया गया है। परिजनों ने कुछ दिन पहले तालाब किनारे उसकी शर्ट देखी थी, जिसके बाद डूबने की आशंका जताई गई थी। सूचना पर पुलिस और स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंचा और तलाशी अभियान शुरू किया गया।



इस दौरान दिल्ली से बुलाई गई गोताखोरों की टीम भी सर्च ऑपरेशन में जुटी। लेकिन बचाव कार्य के दौरान बड़ा हादसा हो गया, जब गोताखोर सरताज उर्फ भूरा गहरे दलदल और झाड़ियों में फंसकर लापता हो गया। अभी तक उसका कोई पता नहीं चल सका है और उसकी तलाश जारी है।

बताया जा रहा है कि तालाब की गहराई, घनी झाड़ियां और दलदल जैसे हालात बचाव कार्य में बड़ी बाधा बन रहे हैं। इसी कारण रेस्क्यू ऑपरेशन बेहद चुनौतीपूर्ण हो गया है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, यह पहली घटना नहीं है। तीन दिन पहले भी इसी तालाब में एक मासूम बच्चे की डूबने से मौत हो चुकी है। लगातार हो रही घटनाओं से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। लोनी नगर पालिका क्षेत्र में आने वाला यह डाबर तालाब लंबे समय से बदहाल स्थिति में है। आरोप है कि तालाब पर अवैध कब्जे और निर्माण हो चुके हैं, जिससे इसका स्वरूप बिगड़ गया है।

झाड़ियों और दलदल के कारण यह जगह और अधिक खतरनाक बन चुकी है। घटना की जानकारी मिलने पर लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर मौके पर पहुंचे और उन्होंने नगर पालिका प्रशासन को स्थिति के लिए जिम्मेदार ठहराया।

फिलहाल प्रशासन और पुलिस की टीम लगातार रेस्क्यू और जांच कार्य में जुटी हुई है, लेकिन लगातार हो रही घटनाओं ने डाबर तालाब को स्थानीय लोगों के लिए डर का प्रतीक बना दिया है।

# शादी में रोटियों पर थूकने का वीडियो वायरल, आरोपी गिरफ्तार

**हापुड़ ।** बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम मुक्तेश्वरा में एक शादी समारोह में बीमारी फैलाने के उद्देश्य से रोटियों को बनाते समय उस पर थूकने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। दावा किया जा रहा है कि तंदूर पर रोटी बनाते समय एक युवक द्वारा यह आपत्तिजनक कृत्य किया गया है। वीडियो को लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। पुलिस ने तुरंत मामले का संज्ञान लेते हुए आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। वहीं हिंदुस्तान वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें एक युवक तंदूर के पास खड़े होकर रोटियां बनाते हुए दिखाई दे रहा है। आरोप है कि वह रोटी को तंदूर में डालने से पहले उस पर थूक लगा रहा है और फिर उसे सेक रहा है, जिसे लोगों को परोसा जा रहा था। ग्रामीणों के अनुसार गांव मुक्तेश्वर में हाल में ही एक बारात आई थी।

# पूर्व सीएम अखिलेश यादव से डॉ0 एसके शर्मा ने की मुलाकात

चिकित्सकों की समस्याओं के समाधान की रखी मांग



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से गुरूवार को पार्टी कार्यालय लखनऊ में मुलाकात कर प्राइवेट चिकित्सक मेडिकल एसोसिएशन ऑल इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 एसके शर्मा ने पूर्व राज्य मंत्री रमेश प्रजापति व पार्टी की कौर कमेटी के सदस्य कृष्ण रूहेला के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के लगभग 15 लाख पैरामेडिकल में डिप्लोमा होल्डर ग्रामीण चिकित्सकों को सरकारी प्रशिक्षण के माध्यम से सीएमओ के यहाँ रजिस्ट्रेशन दिलाने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौपा। अखिलेश यादव ने सबको न्याय दिलाने का भरोषा दिया है।

# चैंपियन सीजन-2: एमएसआरटी फैसिलिटी वॉरियर्स का विजय रथ बरकरार

**10 अंकों के साथ पॉइंट्स टेबल में शीर्ष पर, टीम बनी खिताब की प्रबल दावेदार**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम:** क्रिक गार्डन-2 में आयोजित किए जा रहे 'चैंपियन सीजन-2' क्रिकेट टूर्नामेंट में एमएसआरटी फैसिलिटी वॉरियर्स का दबदबा लगातार जारी है। टीम ने अब तक के अपने शानदार सफर में 6 में से 5 मुकाबलों में जीत दर्ज कर न केवल 10 अंक हासिल किए हैं, बल्कि अंक तालिका (पॉइंट टेबल) में भी पहले स्थान पर कब्जा जमा लिया है। गेंदबाजी और कप्तानी में मुनेश का जलवा टीम की इस सफलता के पीछे कप्तान मुनेश शर्मा का हरफनमौला प्रदर्शन और कुशल नेतृत्व प्रमुख रहा है। मुनेश अब तक 8 विकेट चटकाकर गेंदबाजी विभाग में सबसे आगे चल रहे हैं।



उनकी सटीक लाइन-लेंथ विपक्षी बल्लेबाजों के लिए मुसीबत बनी हुई है। बल्लेबाजी में राहुल और सोबिंदर का प्रहार बल्लेबाजी की बात करें तो ओपनर राहुल नगर ने 15 चौकों की मदद से टीम को हर मैच में ठोस शुरूआत दी है। वहीं, मिडिल ऑर्डर में सोबिंदर अपनी आक्रामक शैली के लिए चर्चा में हैं; उन्होंने अब तक टूर्नामेंट में 12 गगनचुंबी छक्के जड़कर अपनी ताकत का लोहा मनवाया है। विकेट के पीछे सौरभ शर्मा की मुस्तैदी बल्ले और गेंद के साथ-साथ टीम की फील्डिंग भी चुस्त नजर आ रही है। विकेटकीपर सौरभ शर्मा ने विकेट के पीछे बेहतरीन फुर्ती दिखाते हुए 8 स्टंपिंग और कैच लपके हैं, जो इस सीजन का सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड है। हालांकि, कप्तान को उम्मीद है कि सौरभ और ओपनर रजनीश जल्द ही बल्ले से भी अपनी पुरानी लय हासिल कर टीम को और मजबूती देंगे। संतुलित टीम प्रदर्शन टीम की जीत में अन्य खिलाड़ियों—राजेंद्र, ओम दत्त शर्मा, सुशील भाटी, दीपक, प्रशांत जानी, निसार, सीतेश प्रकाश, हिमांशु भाटी, अमित तिवारी और सर्वेश रवि—का भी विशेष योगदान रहा है। इन सभी खिलाड़ियों ने समय-समय पर गेंद और बल्ले से अपना जौहर दिखाकर टीम को संकट से निकाला है। विशेषज्ञों का मानना है कि जिस तरह से एमएसआरटी फैसिलिटी वॉरियर्स खेल के हर विभाग में प्रदर्शन कर रही है, वह इस सीजन की सबसे मजबूत दावेदार बनकर उभरी है। आगामी मैचों में टीम अपनी इसी लय को बरकरार रखने के इरादे से मैदान में उतरेगी।

# नोएडा पुलिस की बड़ी कार्रवाई: वाहन चोर समेत तीन गिरफ्तार, अवैध गांजा और हथियार बरामद

**नोएडा (करंट क्राइम)।** गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट पुलिस ने गश्त और चेकिंग के दौरान तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने एक वाहन चोर को चोरी की तीन मोटरसाइकिल, देशी तमंचा और कारतूस के साथ पकड़ा, जबकि दो अन्य आरोपियों को अवैध रूप से गांजा बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। थाना सेक्टर-39 पुलिस ने एक सूचना के आधार पर वाहन चोर राहुल शेरा पुत्र हरिकिशन को सेक्टर-37 चौकी क्षेत्र से गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से एक देशी तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह चोरी की मोटरसाइकिलों को सेक्टर-43 की झाड़ियों में छिपा देता था। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर तीन चोरी की बाइकें बरामद की हैं। आरोपी के खिलाफ विभिन्न थानों में पहले से 8 मुकदमे दर्ज हैं। वहीं थाना फेस-1 पुलिस ने शेखर हरी पुत्र सुखदेव हरी को सेक्टर-10 स्थित एक खंडहरनुमा कमरे के पास से 3 किलो 445 ग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार मान के अनुसार आरोपी लंबे समय से गांजे की बिक्री में लिप्त था। इसके अलावा थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने मनीष उपाध्याय पुत्र भूपेश उपाध्याय को गिरफ्तार कर उसके पास से 430 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक सर्वेश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी क्षेत्र के विभिन्न कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को गांजा बेचता था। उसके खिलाफ भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।




# जे.ई.ई. मेन 2026 : नेहरू वर्ल्ड स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन
## 24 विद्यार्थियों ने लहराया सफलता का परचम



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जे0ई0ई0 मेन परीक्षा का फाइनल परिणाम, कटऑफ व रैंक सोमवार को घोषित किया गया, जिसमें नेहरू वर्ल्ड स्कूल गाजियाबाद के छात्रों ने आशातीत सफलता प्राप्त की । कुल परीक्षा परिणाम में कुल 24 छात्रों ने 99.76 से 93.41 परसेंटाइल के बीच अंक प्राप्त किए, जो विद्यालय, विद्यार्थियों व अभिभावकों के लिए हर्ष का विशय है। सफल छात्रों का ब्यौरा इस प्रकार है-अभिनव त्यागी, उर्जिता त्रिपाठी, अनन्या शर्मा, शांतनु अग्रवाल, दानिश, झंकार बत्रा, आराध्या भारद्वाज, प्रियांश गर्ग, शिवेन्द्र शर्मा, भव्य भाकुनी, तन्मुष कपूर, वेद कपूर, आदित्य कुमार राय, शौर्य चौधरी, सिद्धार्थ चौधरी, स्पर्श कुमार तिवारी, शुभ कंसल, एकनाथ श्रीवास्तव, पावनी अग्रवाल, दिव्यांश कुकरेजा, आरुश सिंह, आदित्य कसाना, विदित चैधरी, धैर्य चैधरी। अब अगली परीक्षा जेईई एडवांस 19 मई को होगी जिसमें एक बार फिर छात्रों को अपना दम दिखाना होगा। नेहरू वर्ल्ड स्कूल गाजियाबाद का विद्यालय प्रबन्धन, निदेशक अरुणाभ सिंह, एग्जीक्यूटिव हेड टीचर सुजैन होम्स, प्रधानाचार्या मंजुला सिंह व अध्यापक वर्ग सभी अपनी शुभकामनाएं छात्रों व उनके अभिभावकों को देते हैं ताकि वे अपनी भविष्य की परीक्षा में भी सफलता प्राप्त कर सकें।

# नागरिक सुरक्षा की मॉकड्रिल समीक्षा की बैठक संपन्न

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** नागरिक सुरक्षा एवं चीफ वार्डन ललित जायसवाल के नेतृत्व में नागरिक सुरक्षा प्रभागीय कार्यालय राजेंद्र नगर में मॉकड्रिल समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। सहायक उपनियंत्रक नेम सिंह के नेतृत्व में डिवीजनल वार्डन ए.के. ठाकुर एवं ए.के. जैन की देखरेख में संपन्न हुई। इसमें पूर्व में आयोजित मॉकड्रिल की समीक्षा की गई। साथ ही भर्ती, बैठक, हाउसहोल्ड रजिस्टर और ट्रेनिंग के संबंध में भी चर्चा हुई। इस अवसर पर भंडार अधीक्षक विमलेश वर्मा के स्थानांतरण पर उनका विदाई समारोह आयोजित कर शॉल ओढ़ाकर एवं पुष्प देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नेम सिंह, विमलेश वर्मा, डिवीजनल वार्डन ए.के. ठाकुर, ए.के. जैन, डिप्टी डिवीजनल वार्डन अशोक कुमार, मंजूर हसन, स्टाफ ऑफिसर रमन सक्सेना, मंजुला शर्मा, किशोरी लाल आदि लोग मौजूद रहे।






# एसी वाले हेलमेट में नजर नहीं आते ट्रैफिक वाले

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाला सिस्टम बेहद खास है। इसको हाईटेक, बेस्ट और फास्ट बनाने के प्रयास इसकी स्थापना से ही शुरू हो गए थे। इन सबके बीच महीना अप्रैल अंतिम दिनों की ओर बढ़ रहा है। तो सुनने में आया है कि बीते लगभग एक साल पहले एयर कंडीशन वाले खास हेलमेट ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को जमकर बांटे गए थे। पुलिस के बड़े-बड़े साहब लोगों ने फोटो व जानकारी दी थी लेकिन गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। अब तापमान 41 डिग्री तक जा पहुंचा है लेकिन पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के किसी भी जोन में पुलिसकर्मी जो ट्रैफिक की कर्माठता से कमान संभाले हुए हैं, उनके सिर पर एसी वाला हेलमेट नजर नहीं आता है। अब सवाल उठ रहा है कि इतनी गर्मी में अगर हेलमेट गायब है तो वह कब लगाए जाएंगे। वहीं पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि अधिकांश हेलमेट कहां है,इसका किसी को कुछ पता ही नहीं है। अब सवाल यह है कि जब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में तीनों जोन में एसीपी साहब लोग नहीं थे, तो भी ट्रैफिक का हाल बढ़िया था लेकिन इन दिनों के हाल और हालात ट्रैफिक के मामले में शायद ही किसी से छुपे हुए हों। कोई ऐसा दिन नहीं जाता है जब किसी नीली बत्ती वाले अधिकारी की गाड़ी जाम में ना फस्ती हो और कोई किसी महत्वपूर्ण मार्ग पर हो, तो वहां पर भी जाम ना मिलता हो। कुछ इलाके तो गाजियाबाद में जाम प्लेस बन चुके हैं। उधर सुनने में आ रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कुछ एसीपी साहब लोग अपने-अपने स्तर से जुगाड़ लगाने में लगे हुए हैं। बताया जा रहा है कुछ का मामला सेट भी हो सकता है, तो अब सवाल उठ रहा है कि जब कमिश्नरेट वाले सिस्टम में पूरी व्यवस्था एसीपी स्तर पर बदलेगी, तो किसको मौका मिलेगा। किसकी सिफारिश काम आएगी, किसका काम उसकी पहचान बनेगा और कौन है जो हाई कमान वाली पावर के साथ सीधे नदिया पार के एक सर्किल में इंट्री लेगा। कुल मिलाकर देखना बड़ा दिलचस्प होगा कि आने वाले दिनों में जब लाइन वाली पासिंग आउट परेड हो जाएगी, तो उसके बाद किस सर्किल के लिए क्या आदेश आते हैं। कुल मिलाकर ट्रैफिक वाले सिस्टम को लेकर जितनी एक्टिंवनेस बीते दो से तीन दिनों में दिखाई दी है अगर यह है पूरे माह रहे तो व्यवस्था में सुधार अवश्य आएगा।



# सब रजिस्ट्रार कार्यालय के बाहर अधिवक्ताओं ने दिया धरना, जमकर की नारेबाजी



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** सब रजिसट्रार कार्यालय में चल रहें भ्रष्टाचार व आमजन को हो रही परेशानी के विरोध में गुरूवार को तहसील के अधिवक्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुये प्रदर्शन किया और अपना विरोध जताया।

शुक्रवार को तहसील बार एसोसिएशन के जुड़ें अधिवक्ता नारेबाजी करते हुये सब रजिस्ट्रार के कार्यालय के बाहर एकत्रित हो गये और उन्होंने अपना विरोध जताते हुये कार्यालय में चल रही अनियमिताओं को दूर करने के साथ ही सब रजिस्ट्रार को स्थानांतरण किये जाने की मांग की। इतना ही नही अधिवक्ता न्यायिक कार्य से भी विरत रहे । अधिवक्ताओं की मांग है कि सब रजिस्ट्रार का स्थानांतरण किया जावें और कार्यालय में फैली अनियमिताओं, आमजन को हो रही परेशानियों को जल्दी ही दूर किया जायें अन्यथा अधिवक्ता विरोध स्वरूप आंदोलन करने का बाध्य होंगे। इस दौरान अध्यक्षता अध्यक्ष एडवोकेट जगवीर सिंह संचालन सचिव एडवोकेट नकुल त्यागी ने किया। प्रदर्शनकारियों में राजकुमार गुप्ता, अजीत कुमार, राकेश कुमार नितिन कुमार, धर्मप्रकाश, वेदप्रकाश, विनोद कुमार आदि एडवोकेटस मौजूद रहें।

# फाजिल अपहरणकांड का पदार्फाश, युवक सकुशल बरामद, महिला समेत छह गिरफ्तार

**हापुड़।** जनपदीय स्वाट और गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने फासिल अपहरण कांड का पदार्फाश कर अपहृत युवक को सकुशल बरामद कर लिया है। अपहणकताओं ने 25 लाख रुपये के लिए युवक का अपहरण किया था। पुलिस ने वारदात में शामिल एक महिला समेत 6 अपहरणकताओं को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने फिरौती के रूप में वसूले गए 12.5 लाख रुपये में से 7.50 लाख रुपये, दो तमंचे, दो चाकू, अपहरण में प्रयुक्त कार बरामद कर ली है। इस वारदात में शामिल एक आरोपी अभी फरार है। जिसकी पुलिस तलाश कर रही है ।पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया जनपद अमरोहा के गजरौला के मोहल्ला अलीपुर चौपला निवासी फाजिल हयात (21 वर्ष) 17 अप्रैल को देवबन्द गया था।

वहां से वह बस में सवार होकर वापस लौट रहा था। जैसे ही वह अल्लाबक्शपुर टोल के पास पहुंचा तो कार सवार बदमाशों ने उसका पीछा किया और गजरौला चौपला के पास से उसका अपहरण कर लिया। फाजिल के घर न पहुंचे पर युवक के परिजन परेशान हो गए।

# विश्व नृत्य दिवस पर स्पिक मैके कार्यक्रम का आयोजन
## उत्तम स्कूल फॉर गर्ल्स में कथक की थाप पर थमी छात्राओं की नजरें, विधा लाल की प्रस्तुति ने बांधा समां





उत्तम स्कूल फॉर गर्ल्स में एक भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विश्व नृत्य दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को शास्त्रीय कलाओं के संरक्षण हेतु समर्पित संस्था 'स्पिक मैके' के सहयोग से उत्तम स्कूल फॉर गर्ल्स में एक भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश की ख्याति प्राप्त कथक नृत्यांगना विधा लाल ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से छात्राओं और शिक्षकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

प्रस्तुति के दौरान मंच पर विधा लाल के साथ हिरेन, आमिर खान एवं शोएब खान ने अपनी उत्कृष्ट संगत से संगीत और नृत्य के तालमेल को जीवंत कर दिया। उनकी जुगलबंदी ने कार्यक्रम की गरिमा में चार चांद लगा दिए। विद्यालय की प्रधानाचार्या शर्मिला रहेजा ने कलाकार के प्रेरणादायक प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने छात्राओं को भारतीय कलाओं को न केवल सराहने, बल्कि उन्हें संरक्षित करने और उनमें सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

# पोस्ट ऑफ द डे
प्रस्तुति करंट क्राइम

**Sp Singh** is with **Virender Kaur** and **18 others.**
Just now

**समय कितनी जल्दी बदलता जाता है, पहली तस्वीर में अर्जिया सिंह अपने दादा दादी के साथ रामलीला मैदान में मेले में घूमती हुई नज़र आ रही हैं और दूसरी तस्वीर में अनामया सिंह अपने दादू के साथ पार्क में घूमती नज़र आ रही हैं.. आपके सबसे सुखद पल यही होते हैं जोकि अच्छे अच्छों को नसीब नहीं हो पाते हैं.. वाहिगुरु जी का दोनों हाथ जोड़कर शुकराना 🙏🙏**




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सरदार एसपी सिंह ने समय की रफ्तार और रिश्तों के प्यार को अपने अल्फाज में साझा किया। उन्होंने दादा-दादी और पौत्री अर्जिया सिंह तथा अनामया सिंह के साथ दो तस्वीरें साझा की। परिवार के खुशनुमा पलों की परिभाषा बताई। सरदार एसपी सिंह की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।



# अमेरिकी नाकेबंदी से ईरान पर कसा शिकंजा

## यूएस आर्मी बोली- अब तक 31 जहाज लौटे वापस



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने ईरान की नाकाबंदी करते हुए 31 जहाजों को वापस भेज दिया है। इस कार्रवाई से पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ गया है। ईरान ने इसे युद्ध की कार्रवाई बताते हुए व्यापारिक जहाजों पर हमला किया है।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड (CENTCOM) ने गुरुवार को पुष्टि की है कि अमेरिकी सेना ने ईरान की नाकाबंदी के तहत 31 जहाजों को वापस लौटने या बंदरगाह पर जाने का निर्देश दिया है। सैन्य अधिकारियों के अनुसार, इनमें से ज्यादातर जहाज तेल टैंकर थे।

**सेंट्रल कमांड ने क्या कहा**

सेना ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि इस कार्रवाई में उन्हें काफी सहयोग मिला है। पकड़े जाने के बाद ज्यादातर जहाजों ने अमेरिकी निर्देशों का पालन किया। इस मिशन का पैमाना बहुत बड़ा है। ईरान के बंदरगाहों की नाकाबंदी करने के लिए 10,000 से ज्यादा अमेरिकी सैनिक, 17 युद्धपोत और 100 से ज्यादा विमान तैनात किए गए हैं।

**सैन्य कार्रवाई से बढ़ा तनाव**

इस बड़ी सैन्य कार्रवाई की वजह से पश्चिम एशिया में तनाव चरम पर पहुंच गया है। बुधवार तनाव तब और बढ़ गया जब ईरानी सेना ने होर्मुज जलडमरूमध्य में तीन व्यापारिक जहाजों पर गोलियां चलाईं और उनमें से दो पर कब्जा कर लिया। यह घटना राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस फैसले के ठीक 24 घंटे बाद हुई, जिसमें उन्होंने युद्धविराम को आगे बढ़ाने के साथ-साथ नाकाबंदी जारी रखने की बात कही थी। ट्रंप प्रशासन चाहता है कि ईरान संकट को कम करने के लिए बातचीत की मेज पर आए। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बताया कि अमेरिका ने युद्धविराम के लिए कोई औपचारिक समय सीमा तय नहीं की है। हालांकि, उन्होंने एक बड़ी शर्त रखी है। किसी भी स्थायी समझौते के लिए ईरान को अपने संवर्धित यूरेनियम का पूरा भंडार सौंपना होगा। यह शर्त गैर-परक्राम्य है, यानी इस पर कोई समझौता नहीं होगा। राष्ट्रपति ट्रंप ने साफ कर दिया है कि जब तक तेहरान कोई औपचारिक प्रस्ताव नहीं देता और बातचीत का कोई ठोस नतीजा नहीं निकलता, तब तक यह समुद्री नाकाबंदी जारी रहेगी। दूसरी तरफ, ईरान ने इस पर कड़ी नाराजगी जताई है।

# अमेरिकी नौसेना सचिव जॉन फेलन ने अचानक छोड़ा पद

## हंग काओ बने कार्यवाहक सचिव





**वॉशिंगटन।** अमेरिकी नौसेना सचिव जॉन फेलन ने अचानक अपना पद छोड़ दिया है। पेंटागन ने इस फैसले की पुष्टि की, लेकिन कारण स्पष्ट नहीं किया। उनकी जगह ट्रंप के भरोसेमंद हंग काओ कार्यवाहक सचिव बनाया गया है।

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच पेंटागन ने बुधवार को अचानक घोषणा की कि नौसेना सचिव जॉन फेलन अपना पद छोड़ रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में किसी सैन्य सेवा के प्रमुख का यह पहला इस्तीफा है। हालांकि, रक्षा विभाग में पिछले कुछ समय से कई बड़े अधिकारियों को हटाया जा रहा है।

फेलन के अचानक हटने का कोई कारण नहीं बताया गया है। यह फैसला ऐसे समय आया है जब अमेरिकी नौसेना ने ईरानी बंदरगाहों की घेराबंदी कर रखी है और दुनिया भर में तेहरान से जुड़े जहाजों को निशाना बना रही है। अब ट्रंप के करीबी और अंडरसेक्रेटरी हंग काओ नौसेना के कार्यवाहक सचिव की जिम्मेदारी संभालेंगे। काओ नौसेना में 25 साल तक रहे हैं और उनके पास युद्ध का अनुभव भी हैं।

फेलन का पद से हटना पेंटागन के शीर्ष नेतृत्व में फेरबदल की एक लंबी कड़ी का हिस्सा हो सकता है। कुछ हफ्ते पहले ही रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने सेना के शीर्ष अधिकारी जनरल रैंडी जॉर्ज को पद से हटा दिया था। हेगसेथ ने पिछले साल पद संभालने के बाद से कई जनरलों और एडमिरलों को हटाया है। इनमें एडमिरल लीसा फ्रेंचेती और जनरल जिम स्लाइफ भी शामिल हैं। ट्रंप ने जनरल चार्ल्स सीक्यू ब्राउन जूनियर को भी उनके पद से हटा दिया है।

फेलन का इस्तीफा बहुत चौंकाने वाला है। उन्होंने मंगलवार को ही वाशिंगटन में नौसेना के एक सम्मेलन में हिस्सा लिया था। वहां उन्होंने पत्रकारों से अपने एजेंडे पर बात की थी। उन्होंने सांसदों के साथ बजट और नए जहाज बनाने की कोशिशों पर भी चर्चा की थी। हालांकि, पेंटागन के प्रवक्ता शॉन पार्नेल ने बताया कि फेलन तुरंत अपना पद छोड़ रहे हैं।

बता दें कि फेलन ने पहले कभी सेना में काम नहीं किया था। उन्हें नौसेना में बड़े बदलाव करने के लिए लाया गया था। वे एक निजी निवेश कंपनी के संस्थापक भी रहे हैं। फेलन ऐसे समय में जा रहे हैं जब नौसेना बहुत व्यस्त है। उसके तीन विमानवाहक पोत मध्य पूर्व में तैनात हैं। साथ ही नौसेना कैरिबियन में ड्रग्स के खिलाफ अभियान चला रही है। जनवरी में वेनेजुएला के नेता निकोलस मादुरो को पकड़ने में भी नौसेना की अहम भूमिका थी।

नए कार्यवाहक सचिव हंग काओ वियतनाम से आए शरणार्थी हैं। 1970 के दशक में जब वे बच्चे थे, तब अपने परिवार के साथ वियतनाम से भागकर अमेरिका आ गए थे। उन्होंने वर्जीनिया से सीनेट का चुनाव लड़ा था लेकिन हार गए थे।

काओ सेना में विविधता (डीईआई) कार्यक्रमों और कोरोना वैक्सीन की अनिवार्यता के कड़े विरोधी रहे हैं। उन्होंने यूक्रेन को दी जाने वाली मदद पर भी सवाल उठाए थे। काओ ने नौसेना अकादमी से पढ़ाई की है और इराक, अफगानिस्तान और सोमालिया में अपनी सेवाएं दी हैं।

## अमेरिका के वरिष्ठ सांसद डेविड स्कॉट का निधन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के जॉर्जिया राज्य से 13वीं बार चुनाव लड़ रहे डेमोक्रेट नेता डेविड स्कॉट का 80 साल की उम्र में निधन हो गया। वह अमेरिकी संसद की कृषि समिति के पहले अश्वेत अध्यक्ष रहे थे और लंबे समय तक किसानों और खाद्य सहायता से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय आवाज बने रहे। स्कॉट को उनकी पार्टी में एक संतुलित और मध्यमार्गी नेता माना जाता था। हाल के वर्षों में उनकी सेहत को लेकर सवाल उठ रहे थे और पार्टी के अंदर से भी उन्हें चुनौती मिल रही थी। 2024 में भी उन्हें कड़ा मुकाबला झेलना पड़ा था और 2026 में भी चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे थे। हालांकि, उन्होंने रिटायर होने के दबाव को नकार दिया था। हाउस के नेता हकीम जेफ्रीज ने उन्हें 'जनता के लिए काम करने वाला सच्चा नेता' बताया। उनके निधन से अमेरिकी राजनीति में एक बड़ा खालीपन आ गया है।

# ट्रंप ने भारत-चीन को लेकर विवादित पोस्ट किया साझा



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बर्थराइट सिटिजनशिप पर एक विवादित वीडियो शेयर किया, जिससे बहस तेज हो गई। इसमें लेखक ने आरोप लगाया कि कुछ लोग अंतिम समय में अमेरिका आकर बच्चों को नागरिकता दिलाते हैं और इसका गलत फायदा उठाते हैं। इस पोस्ट में भारत-चीन का भी जिक्र है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जन्म से मिलने वाली नागरिकता (बर्थराइट सिटिजनशिप) को लेकर एक विवादित वीडियो शेयर किया है, जिससे नई बहस शुरू हो गई है। इस पोस्ट में अमेरिका में इमिग्रेशन और जन्म से मिलने वाली नागरिकता (बर्थराइट सिटिजनशिप) पर कड़ा विरोध जताया गया है।

यह पोस्ट एक दक्षिणपंथी टिप्पणीकार शाहरूख लेखक और रेडियो होस्ट माइकल सैवेज की ओर से लिखा गया था, जिसमें दावा किया गया कि कुछ लोग गर्भावस्था के आखिरी समय में अमेरिका आते हैं ताकि उनका बच्चा वहीं जन्म ले और उसे तुरंत नागरिकता मिल जाए।

इसके साथ ही पोस्ट में यह भी दावा किया गया कि अमेरिका में जन्म लेने वाले बच्चों को तुरंत नागरिकता मिल जाती है, जिससे उनके परिवार भी अमेरिका आ जाते हैं। इसमें भारत और चीन जैसे देशों का भी उल्लेख किया गया है। अपने पोस्ट में सैवेज ने कहा कि इस तरह के मामलों से कानून का गलत फायदा उठाया जा रहा है और इससे देश की व्यवस्था पर असर पड़ रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कुछ संगठन, जैसे अमेरिकन सिविल लिबर्टीज यूनियन, इस प्रक्रिया का समर्थन करते हैं।

### सुप्रीम कोर्ट में चल रही बहस पर नाराजगी

इसके साथ ही सैवेज ने सुप्रीम कोर्ट में चल रही बहस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि यह सिर्फ कानूनी भाषा तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि जनता की राय भी अहम है। उनका कहना था कि ऐसे बड़े मुद्दों पर लोगों की सीधी भागीदारी होनी चाहिए। सैवेज ने यह भी कहा कि संविधान बहुत पुराने समय में बना था, जब आज जैसी आधुनिक सुविधाएं नहीं थीं, इसलिए वर्तमान हालात के हिसाब से इसमें बदलाव पर चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने यह भी दावा किया कि आज के समय में पहले जैसी मेल्टिंग पॉट यानी अलग-अलग संस्कृतियों का एक साथ घुलना-मिलना कम हो गया है। हालांकि, इस पूरे मुद्दे पर अलग-अलग राय सामने आ रही हैं और यह बहस अमेरिका में काफी संवेदनशील और विवादित मानी जा रही है।

### पोस्ट में और क्या-क्या कहा गया

पोस्ट में यह भी कहा गया कि पहले आने वाले यूरोपीय प्रवासियों की तरह अब एकीकरण नहीं हो रहा है और अमेरिका की पहचान बदल रही है। इसमें अमेरिका को मेल्टिंग पॉट की जगह कैश इन पॉट बताया गया है। इस पोस्ट में यह भी आरोप लगाया गया कि नौकरी और सिस्टम में कुछ देशों के लोगों का दबदबा बढ़ रहा है, हालांकि इन दावों को लेकर कोई ठोस सबूत नहीं दिया गया है। डोनाल्ड ट्रंप ने इस पोस्ट पर कोई टिप्पणी नहीं लिखी, लेकिन इसे शेयर करना उनके इमिग्रेशन नीति पर सख्त रुख को दिखाता है।

# वॉशिंगटन में लेबनान और इस्राइल के बीच सीधी बातचीत, युद्धविराम बढ़ाने पर होगी चर्चा



**वॉशिंगटन।** वॉशिंगटन में गुरुवार को लेबनान और इस्राइल के बीच सीधी बातचीत का दूसरा दौर शुरू हो रहा है। इस बैठक में इस्राइल और हिजबुल्लाह के बीच चल रहे युद्धविराम को आगे बढ़ाने पर चर्चा होगी। अमेरिका में लेबनान की राजदूत नादा हमादेह मोआवाद और इस्राइली राजदूत येचिएल लीटर इस मुलाकात में शामिल होंगे। पिछले तीन दशकों में यह पहली बार है जब दोनों देशों के बीच ऐसी सीधी बातचीत हो रही है।

लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन ने बताया कि शुक्रवार से लागू हुए 10 दिनों के युद्धविराम को बढ़ाने के लिए संपर्क जारी है। लेबनान इस बैठक में युद्धविराम बढ़ाने के साथ-साथ इस्राइली सेना से गांवों में घरों को गिराना बंद करने की मांग करेगा। भविष्य की बातचीत के लिए लेबनान ने कुछ मुख्य शर्तें रखी हैं। इनमें इस्राइली हमलों को पूरी तरह रोकना, लेबनान से इस्राइली सैनिकों की वापसी, कैदियों की रिहाई और सीमा पर लेबनानी सेना की तैनाती शामिल है। दूसरी तरफ, इस्राइल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने लेबनान से एक बड़ी मांग की है। उन्होंने कहा कि बातचीत से पहले लेबनान को हिजबुल्लाह को निहत्था करने की दिशा में काम करना चाहिए। दोनों देशों के बीच यह बातचीत भविष्य में शांति और पुनर्निर्माण की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है।

## ब्रिटेन में आने वाली पीढ़ी के लिए सिगरेट पर रोक की तैयारी



**लंदन।** ब्रिटेन की संसद ने एक नया बिल पास किया है, जिसके तहत 31 दिसंबर 2008 के बाद जन्मे लोग कभी भी सिगरेट नहीं खरीद पाएंगे। यह कानून लागू होने के बाद देश में धूम्रपान को कम करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री वेस स्ट्रीटिंग ने इसे ऐतिहासिक फैसला बताया और कहा कि इससे लोगों की जान बचेगी और स्वास्थ्य सेवाओं पर दबाव कम होगा। इस बिल के तहत वेपिंग (ई-सिगरेट) पर भी कई जगहों पर रोक लगाई जाएगी, जैसे स्कूल, पार्क और अस्पताल। हालांकि, लोग अपने घरों में धूम्रपान कर सकेंगे और कुछ खुले स्थानों पर भी इसकी अनुमति होगी। यह कदम ब्रिटेन को दुनिया के सबसे सख्त एंटी-स्मोकिंग देशों में शामिल कर सकता है।

### व्यापार समझौते पर अमेरिकी प्रतिनिधि ने कहा

# 'भारत के साथ व्यापारिक मुद्दों पर सहमति बनाना आसान नहीं'

**नई दिल्ली।** भारत-अमेरिका व्यापार समझौते वार्ता के दौरान अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ने भारत को लेकर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि भारत के साथ व्यापारिक मुद्दों पर सहमति बनाना आसान नहीं है। मौजूदा व्यापार वार्ता में भी वह कई क्षेत्रों को संरक्षित रखना चाहता है।

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर जारी वार्ता के बीच अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर ने भारत को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि भारत एक 'टफ नट टू क्रैक' है, यानी भारत के साथ व्यापारिक मुद्दों पर सहमति बनाना आसान नहीं है। ग्रीर ने यह टिप्पणी अमेरिकी कांग्रेस की समिति के सामने की। उन्होंने कहा कि भारत लंबे समय से अपने कृषि बाजारों की सुरक्षा करता आया है और मौजूदा व्यापार वार्ता में भी वह कई क्षेत्रों को संरक्षित रखना चाहता है।

उन्होंने कहा कि भारत अपने घरेलू हितों को प्राथमिकता देता है, खासकर कृषि क्षेत्र में, इसलिए बातचीत आसान नहीं है। हालांकि उन्होंने यह भी माना कि कुछ क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच सहमति बनने की संभावना है।

### ग्रीर ने और क्या कहा



उन्होंने कहा, 'इस समझौते के तहत वे इनमें से कई चीजों की रक्षा करना चाहते हैं। डीडीजी (डिस्टिलर्स ड्राइड ग्रेन्स) इसका एक अच्छा उदाहरण है।' ग्रीर सांसदों द्वारा डीडीजी के निर्यात पर पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे थे, जिनका उपयोग उच्च प्रोटीन वाले पशुधन चारे, सोयाबीन मील और इथेनॉल के रूप में किया जाता है।

**12 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने की बातचीत:** वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव दर्पण जैन के नेतृत्व में 12 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने दक्षिण और मध्य एशिया के लिए सहायक अमेरिकी विदेश मंत्री ब्रेंडन लिंच के नेतृत्व वाली अमेरिकी टीम के साथ व्यापार समझौते के बारीक बिंदुओं पर बातचीत की। तीन दिवसीय वार्ता बुधवार को समाप्त हुई। ग्रीर ने बुधवार को अमेरिकी कांग्रेस की कमेटी ऑन वेज एंड मीन्स को बताया कि भारत एक कठिन चुनौती है... उन्होंने बहुत लंबे समय से अपने कृषि बाजारों की रक्षा की है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिकी वातार्कार भारत के वातार्कारों के साथ डीडीजी जैसे विशिष्ट मुद्दों पर चर्चा कर रहे थे। इसलिए हम इस सप्ताह इन मुद्दों पर चर्चा कर रहे हैं, जिनमें आपके द्वारा चर्चा की गई ये विशिष्ट वस्तुएं, डीडीजी भी शामिल हैं।' भारत और अमेरिका ने 2 फरवरी को द्विपक्षीय व्यापार समझौते के ढांचे की घोषणा की और 7 फरवरी को समझौते का पाठ जारी किया।

**भारत की क्या मांग:** इस समझौते के तहत भारत अमेरिकी बाजारों में तरजीही पहुंच की मांग कर रहा है, क्योंकि दोनों देश 2030 तक 500 अरब अमेरिकी डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार का लक्ष्य हासिल करना चाहते हैं। उस ढांचे के अनुसार, अमेरिका ने भारत पर टैरिफ को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने पर सहमति जताई थी। उसने रूसी तेल खरीदने पर भारतीय वस्तुओं पर लगने वाले 25 प्रतिशत टैरिफ को हटा दिया था और समझौते के तहत शेष 25 प्रतिशत को घटाकर 18 प्रतिशत करने का निर्णय लिया था।

# तुर्किये में 15 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर पाबंदी




**अंकारा।** तुर्किये की संसद ने बुधवार देर रात एक नया बिल पास किया है। इसके तहत 15 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल सीमित कर दिया गया है। यह फैसला बच्चों को इंटरनेट पर मौजूद खतरों से बचाने के लिए लिया गया है। यह कानून पिछले हफ्ते कहरामनमारस शहर के एक स्कूल में हुई गोलीबारी के बाद आया है। वहां एक 14 साल के लड़के ने 10 लोगों की हत्या कर दी थी। पुलिस अब उस लड़के की ऑनलाइन गतिविधियों की जांच कर रही है ताकि हमले की वजह पता चल सके।

नए नियमों के अनुसार, यूट्यूब, टिकटॉक और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म को उम्र की जांच करने वाला सिस्टम लगाना होगा। कंपनियों को माता-पिता के लिए कंट्रोल टूल देने होंगे और गलत कंटेंट को तुरंत हटाना होगा। राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन को 15 दिनों के भीतर इस बिल को मंजूरी देनी होगी। एर्दोगन ने सोशल मीडिया को गंदगी का ढेर बताया है जो बच्चों के दिमाग को खराब कर रहा है। हालांकि, विपक्षी दल ने इस पाबंदी का विरोध किया है। उनका कहना है कि बच्चों को पाबंदी के बजाय सही नीतियों से सुरक्षा मिलनी चाहिए।


**कार्यालयः नगर पालिका परिषद खोड़ा-मकनपुर गाजियाबाद।**

पत्रांकः 591 /न0पा0परि0खो0/2026 — दिनांक- 23 अप्रैल 2026

**-:: ई प्रोक्योरमेन्ट/ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना ::-**

नगर पालिका परिषद खोड़ा-मकनपुर जनपद गाजियाबाद के क्षेत्रान्तर्गत (यूनिपोल एवं निकाय शौचालयों की छत) पर विज्ञापन ठेका हेतु (वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2034-35) फर्मो/ठेकेदारों/एजेन्सियों से तकनीकी एवं वित्तीय प्रस्ताव आमंत्रित किये जाने हेतु ई-निविदा की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिये गये नियम व शर्तों के अनुसार निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा अभिलेख एवं शर्तों वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 24 अप्रैल 2026 की प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 04 मई, 2026 के अपरान्ह 12:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। जहाँ से इन्हें डाउनलोड किया जा सकता है। सभी निविदादाता दिनांक 04 मई, 2026 के अपरान्ह 12:00 बजे तक वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाइन अपनी प्रस्ताव/निविदा दर/दरें डाल सकते है। प्रस्ताव/टेण्डर एवं उससे सम्बन्धित शर्ते जिले की वेबसाइट www.ghaziabad.nic.in पर भी देखी जा सकती है।

| | |
|---|---|
| E-Tender Reference | Ltr.No-:पत्रांकः/ /न0पा0परि0खो0/ई-निविदा/2026 दिनांकः .04.2026 |
| Publish and Time for RFP | 24 अप्रैल 2026 को प्रातः 10:00 बजे |
| Last Date and time for submission of E-Tender | 04 मई, 2026 को अपरान्ह 12:00 बजे |
| Date and time of Opening Tender | 04 मई, 2026 को अपरान्ह 14:00 बजे |
| Place of Opening of E-Tender | Office Nagar Palika Parishad Khora Makanpur, Dist. Ghaziabad |
| E-Tender Security | 25,00,000.00 |
| E-Tender Document Processing | 5100.00 |

(नवनीत गुप्ता)
अवर अभियन्ता (जल)

(डॉ0 शैलेन्द्र कुमार सिंह)
अधिशासी अधिकारी

(मोहिनी शर्मा)
अध्यक्ष


# 'लश्कर-जैश पर नकेल कसे पाकिस्तान'

## पहलगाम हमले की बरसी पर अमेरिकी सांसदों ने एक सुर में उठाई मांग



**वॉशिंगटन।** वॉशिंगटन में भारतीय दूतावास की प्रदर्शनी में 2025 के पहलगाम हमले और मुंबई हमलों के पीड़ितों को याद किया गया। इस दौरान अमेरिकी सांसदों ने पाकिस्तान से लश्कर-ए-तैयबा और जैश जैसे आतंकी समूहों पर कार्रवाई की मांग की।

अमेरिकी सांसद ब्रैड शर्मन ने पाकिस्तान से लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों पर सख्त कार्रवाई करने को कहा। वाशिंगटन में भारतीय दूतावास ने आतंकवाद की मानवीय कीमत विषय पर एक प्रदर्शनी लगाई थी। इस दौरान शर्मन ने 2025 के पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को याद किया। इस हमले में 26 निर्दोष लोग मारे गए थे।

### क्या बोले अमेरिकी सांसद?

शर्मन ने कहा कि पहलगाम हमले के पीछे द रेजिस्टेंस फ्रंट का हाथ था, जिसका संबंध लश्कर-ए-तैयबा से है। खबरों के मुताबिक, इन समूहों को पाकिस्तान में पनाह मिलती है। डेमोक्रेट नेता शर्मन ने मांग की कि पाकिस्तानी सरकार को इन आतंकी गुटों पर नकेल कसने की मांग की। यह प्रदर्शनी ऐसे समय में हुई जब पाकिस्तान खुद को शांतिदूत के रूप में पेश कर रहा है और अमेरिका-ईरान युद्ध को रोकने के लिए मध्यस्थता की कोशिश कर रहा है।

### डिजिटल प्रदर्शनी में क्या

इस डिजिटल प्रदर्शनी में 1993 के मुंबई बम धमाकों, 2008 के मुंबई हमलों और पहलगाम हमले की तस्वीरें दिखाई गईं। इसमें उन आतंकी संगठनों और लोगों की पहचान भी उजागर की गई जो पाकिस्तान से अपनी गतिविधियां चलाते हैं। अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने कहा कि आतंकवाद मानवता को नष्ट करना चाहता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस संकल्प को दोहराया जिसमें भारत आतंकवाद को हराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

प्रदर्शनी में रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक दोनों पार्टियों के कई बड़े सांसद शामिल हुए। इस दौरान सांसद लिसा मैक्लेन ने कहा कि आतंकवाद से लड़ने के लिए खुफिया जानकारी साझा करना और मिलकर काम करना ही सही रास्ता है। वहीं, सांसद रो खन्ना ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की याद दिलाई। उन्होंने कहा कि वाजपेयी ने 1990 के दशक में ही इस खतरे की चेतावनी दी थी, लेकिन तब कम ही लोगों ने इसे गंभीरता से लिया था।

### ऑपरेशन सिंदूर का भी हुआ जिक्र

इस दौरान 7 मई 2025 को भारत के ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र किया गया। भारत ने पाकिस्तान और पीओके में लश्कर और जैश के 9 ठिकानों को तबाह कर दिया था। इसके बाद दोनों देशों के बीच करीब 88 घंटे तक सैन्य संघर्ष चला था, जो 10 मई की शाम को थमा। सांसद रिचर्ड मैककॉर्मिक ने आतंकवाद को एक अनोखी बुराई बताया जो भारत और अमेरिका दोनों के लिए खतरा है। उन्होंने कहा कि जो लोग हिंसा से हमारी विविधता को खत्म करना चाहते हैं, वे ही असली दुश्मन हैं।

नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम
08 | शुक्रवार • 24 अप्रैल -2026

# गाजियाबाद




# अट्टहास कवि सम्मेलन 25 अप्रैल को कवि नगर में सजेगा हास्य का मंच

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कवि नगर रामलीला मैदान में 25 अप्रैल (शनिवार) रात्रि 9:00 बजे कवि नगर रेजिडेंट फेडरेशन द्वारा पिछले वर्षों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए भव्य अट्टहास कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और आयोजकों ने बड़ी संख्या में लोगों से सहभागिता की अपील की है।

### देशभर के ख्याति प्राप्त कवि देंगे प्रस्तुति

कवि सम्मेलन में प्रताप फौजदार, विनीत चौहान, डॉ. कीर्ति काले, शशिकांत यादव, डॉ. अनुसपन, अनिल अग्रवंशी, डॉ. वागीश दिनकर, राव अजातशत्रु, सुनील व्यास, अशोक चारण, अंजू जैन, राज कौशिक, हिमांशु बवंडर एवं मुस्कान शर्मा सहित अनेक प्रसिद्ध कवि अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। मंच संचालन डॉ. प्रवीण शुक्ल द्वारा किया जाएगा।

आयोजन स्थल पर लगभग 4000 कुर्सियों की व्यवस्था की गई है। दूर बैठे दर्शकों के लिए दो एलईडी स्क्रीन भी लगाई गई हैं, ताकि सभी लोग कार्यक्रम का आनंद आसानी से ले सकें। इसके अलावा फॉगिंग, पानी का छिड़काव एवं पेयजल की विशेष व्यवस्था की गई है, जिससे दर्शकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों की मौजूदगी



**करंट क्राइम।** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. पी.एन. अरोड़ा (सीएमडी, यशोदा हॉस्पिटल) उपस्थित रहेंगे। दीप प्रज्वलन केपी गुप्ता (अध्यक्ष, केपीजी ग्रुप) द्वारा किया जाएगा। अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी राम अवतार जिंदल एवं संजीव गुप्ता करेंगे। समारोह गौरव के रूप में महापौर सुनीता दयाल, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप, सांसद अतुल गर्ग, विधायक अजीत पाल त्यागी, विधायक संजीव शर्मा उपस्थित रहेंगे। अति विशिष्ट अतिथियों में संतोष यादव (चेयरमैन, एनएचएआई) एवं कल्पना सक्सेना (उप महानिरीक्षक, मेरठ) शामिल होंगी।

### 44 वर्षों की परंपरा, पश्चिमी यूपी में खास पहचान



**करंट क्राइम।** अट्टहास कवि सम्मेलन पिछले लगभग 44 वर्षों से आयोजित होता आ रहा है और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपनी अलग पहचान बना चुका है। संस्था के अध्यक्ष दिनेश गोयल, महामंत्री लालचंद शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय जैन एवं संरक्षक ललित जायसवाल ने अधिक से अधिक लोगों से कार्यक्रम में पहुंचकर हास्य-व्यंग्य की इस शाम का आनंद लेने की अपील की है।

# होमगार्ड भर्ती परीक्षा और जनगणना कार्य में लापरवाही पर गिरेगी गाज, डीएम व एडिशनल सीपी ने कसी कमर

**20 केंद्रों पर 46,000 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा, सुरक्षा के लिए पुलिस का 'फुल ड्रेस रिहर्सल' और चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी की नजर**





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जनपद में आगामी होमगार्ड भर्ती परीक्षा-2026 और भारत की जनगणना-2027 के कार्यों को पूरी शुचिता के साथ संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग हाई अलर्ट पर है। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मॉंदड़ और एडिशनल कमिश्नर ऑफ पुलिस केशव कुमार चौधरी ने गुरुवार को विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि राष्ट्रीय महत्व के इन कार्यों में शिथिलता बरतने वाले किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को बख्शा नहीं जाएगा।

**परीक्षा का खाका: 25 अप्रैल से शुरू होगा रण**

जिलाधिकारी ने सेठ मुकंद लाल इंटर कॉलेज और एमबी. गर्ल्स इंटर कॉलेज का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि जनपद के कुल 20 परीक्षा केंद्रों पर इस भर्ती का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें लगभग 46,000 अभ्यर्थी अपनी किस्मत आजमाएंगे।

**परीक्षा तिथियां: 25, 26 और 27 अप्रैल 2026।**

**समय: दो पालियों में (10:00-12:00 और 03:00-05:00)।**

**सुविधाएं: केंद्रों पर पेयजल, वेंटिलेशन और स्वच्छता के विशेष निर्देश दिए गए हैं।**

**सुरक्षा चक्र: अराजक तत्वों पर 'डिजिटल' स्ट्राइक**

सुरक्षा व्यवस्था पर बात करते हुए एड.सीपी केशव कुमार चौधरी ने कहा कि पुलिस बल का पूर्वाभ्यास (रिहर्सल) पूरा हो चुका है। परीक्षा की गरिमा भंग करने की कोशिश करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। भ्रामक खबरें फैलाने वालों पर आईटी सेल की पैनी नजर है। अभ्यर्थियों की भारी भीड़ को देखते हुए मार्गों पर विशेष ट्रैफिक मैनेजमेंट लागू किया गया है। निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए एडीएम और एसडीएम स्तर के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**जनगणना 2027 : प्रशिक्षण में कड़ाई के निर्देश**

एमबी. गर्ल्स इंटर कॉलेज में चल रहे जनगणना प्रशिक्षण शिविर का जायजा लेते हुए डीएम ने कहा कि जनगणना राष्ट्र निर्माण का आधार है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रथम चरण के मकान सूचीकरण हेतु प्रगणकों का प्रशिक्षण समयबद्ध और पारदर्शी होना चाहिए।



'परीक्षा हो या जनगणना, दोनों ही अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य हैं। कंट्रोल रूम और सीसीटीवी के माध्यम से पूरी प्रक्रिया की निगरानी की जा रही है। किसी भी स्तर पर चूक पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।'
—रविंद्र कुमार मांदड़, जिलाधिकारी

**प्रशिक्षण का कार्यक्रम: द्वितीय बैच:** 28 से 30 अप्रैल 2026। तृतीय बैच: 01 से 04 मई 2026। निरीक्षण के दौरान एडीएम सिटी विकास कश्यप, एसडीएम अरुण दीक्षित और डीआईओ योगेंद्र प्रताप सिंह सहित प्रशासन के कई आला अधिकारी मौजूद रहे।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि उस समय मच गया नंद जी वाले गांव के पूर्व पार्षद दिल और दिमाग में घमासान? जब वो पहुंचे थे एक बड़े जनप्रतिनिधि के पास? उन्होंने कहा था हुजूर मेरा रखना है आपको ध्यान? सुना है बड़े प्रतिनिधि ने इन शब्दों पर दिया बहुत ही ज्यादा ध्यान? फिर गर्दन हिलाकर उन्होंने कर दिया इंकार वाले लहजे में एलान? कह दिया मैं दे चुका हूं किसी और को जुबान? मैं रखूंगा उसी का ही ध्यान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि अटेंशन वाली बात पर जब हो गयी है नो? तो मंत्री जी के खास को नहीं लेनी चाहिए टेंशन? कहने वाले ने कहा कि वो तो सियासत के बड़े ही मंझे हुए हैं खिलाड़ी? हमें समझ नहीं आया उनका ऐसे खेलना जैसे कि अनाड़ी? दोनों ही पक्ष जानते हैं एकदूसरे की इंटेंशन? आखिर हैवी वेट वालों के खास त्यागी जी को पावर सेंटर वाले कैसे कर सकते थे पॉजिटिव मेंशन?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदियापार वाले पार्षद क्या बिता रहे हैं जोनल दफ्तर में टाईम? कहने वाले ने कहा कि उनकी राय में वार्ड का विकास है सबसे प्राईम? आखिर वो निर्माण वाले महकमे में क्यों लगा रहे हैं इतनी ज्यादा विजिट? क्या नदियापार वाले जोड़ रहे हैं वहां अपने वार्ड की डिजिट? कहने वाले ने कहा उनके लगातार नजर आने से उठ रही है उनपर आंच? भले ही वो सही हों, मगर कुछ दीवारों में होते हैं कांच?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा झा का मन हो गया है क्या सूचना वाले सीन से आउट होने के कारण उदास? क्या भगाव झा ने रख दी है कहीं खुलकर अपने मन की बात? क्या उन्हें महानगर का संयोजक होने के बाद भी नहीं मिल रही महानगर के कार्यक्रमों की सूचना? क्या उन्हें लग रहा है कि कोई नहीं चाहता उन्हें पूछना? कोई उनको कुरेदेगा तो बह जायेंगे उनके जज्बात? सुना है वो सोशल मीडिया पर भले ही क्रांति ना कर रहे हों, मगर वो हैं चोटी वाले त्यागी जी की तरह ही नाराज?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि निगम के गलियारों में सुलग रही है इंटरनल दिलों की आग? क्या किसी के दिल में सुलग उठे शोले? जब उन्होंने देखा ठाकुर और ब्राह्मण पार्षद को बैठे हुए एक अधिकारी के पास? क्या उन्होंने यहां पर खोल दिया अपने दिल के सुलगते शब्दों का झरना? क्या कह दिया उनके साथ फोटो सेशन हो रहा है जिन्होंने दिया है यहां धरना?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदियापार के एक वार्ड में उठा लिया है क्या किसी पार्षद पति ने उगाही का रिस्क? सुना है उन्होंने कर दिया है चिकन वाली दुकान से जुर्माने की राशि का रेट फिक्स? कहने वाले ने कहा कि उनके चरण जहां पड़ते हैं वहीं खेल जाती है काली? उन्होंने साफ कह दिया है कि पांच से 6 हजार रूपये का रेट है फिक्स? वरना हम माने जायेंगे खाली?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया की उस धरा वाले मंडल में प्रशिक्षण शिविर में प्रवास वाली लिस्ट में थे सात पार्षदों के नाम? सुना है 6 पार्षदों की लोकेशन मिली थी रात्रि में अपने घर की और उन्होंने घर पर ही किया था प्रवास? यहां भाटी पार्षद ने किया था शिविर में रात्रि विश्राम? वो नहीं कर रहे थे उस रात अपने घर पर आराम? क्या उन्होंने कहा था कि हमें करना चाहिए पार्टी के हर आयाम पर पूरी ईमानदारी से काम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि फूल वालों के कार्यक्रम कैलेंडर से बना ली है किन निगम पार्षदों ने दूरी? क्यों कहा कहने वाले ने कि वो कह रहे हैं कलेंडर कार्यक्रम में शामिल होना नहीं है हमारी मजबूरी? सुना है वैश्य बिरादरी के पार्षद ने कर दिया इस बात को लेकर स्पष्ट? चाहे जहां करा लो इस बात को मुदित और हो जाये ये बात सबको विदित? हम अब जनता के प्रतिनिधि हैं, किसी व्यक्ति विशेष के कहने पर नहीं करेंगे काम? संगठन से आयेगा कोई आयाम तो हमारा रहेगा प्रणाम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा चौहान खेल रहे हैं संगठन वाली पिच पर जिम्मेदारी से भरी पारी? वो रखते हैं सभी कार्यक्रमों की पूरी और अपडेट जानकारी? सुना है इन दिनों वो कर रहे हैं संगठन के टारगेट पर फोकस? फिलहाल उन्होंने बिरादरी वाले मिशन को कर दिया है थोड़ा स्लो? सुना है उनकी बांध दी है योद्धा ने जिम्मेदारी? आप उनसे रोज पार्टी ऑफिस पर मिल सकते हो? उन्हें बना दिया गया है कार्यालय प्रभारी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि फूल वालों के यहां मोर्चों के प्रधान के लिए शुरू हो चुकी है अंदरखाने रेस? क्या मौजूदा मोर्चा कप्ताप दे रहे हैं दावेदारों को किसी प्रकार का कोई आश्वासन? सुना है मोर्चों की प्रधानी के लिए भी बिछ गयी है दिल्ली से लेकर लखनऊ तक बिसात? त्यागी चेहरे से लेकर वैश्य और ठाकुर चेहरे भी लगाकर बैठ गये हैं घात?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# नारी शक्ति के सामने पस्त हुआ कांग्रेस का पाखंड : डॉ. ऋचा भदौरिया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर गाजियाबाद में सियासत तेज हो गई है। भाजपा नेत्री डॉ. ऋचा भदौरिया ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि इस मुद्दे पर कांग्रेस का अंतर्विरोध पूरी तरह उजागर हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब गाजियाबाद में महिलाओं ने इस ऐतिहासिक विधेयक के समर्थन में अपना संकल्प दोहराया, तब कांग्रेस अपनी ही महिला कार्यकताओं को मैदान में उतारने में असफल रही।

डॉ. ऋचा भदौरिया ने कहा कि यह स्थिति इस बात का प्रमाण है कि कांग्रेस की महिला कार्यकर्ता भी नारी शक्ति वंदन अधिनियम का समर्थन करती हैं और वे उन महिलाओं के खिलाफ खड़ी नहीं होना चाहतीं, जो उनके अधिकारों के लिए आवाज उठा रही हैं। उनके अनुसार, यह कांग्रेस नेतृत्व की वैचारिक ही नहीं, बल्कि नैतिक और राजनीतिक विफलता भी है।

उन्होंने कहा कि जो दल लंबे समय तक सत्ता में रहा और महिला सशक्तिकरण के बड़े-बड़े दावे करता रहा, उसी ने इस विधेयक को वर्षों तक टालने का काम किया। जब-जब इसे संसद में लाने की बात हुई, कांग्रेस ने अड़चनें पैदा कीं।

अब जब भाजपा की महिला कार्यकताओं ने सड़कों पर उतरकर इस मुद्दे को उठाया, तो कांग्रेस के पास जवाब देने के लिए महिला चेहरों की कमी दिखी और उन्हें पुरुष नेताओं के जरिए बयानबाजी करनी पड़ी। भाजपा नेत्री ने कहा कि आज देश की महिलाएं जागरूक हो चुकी हैं और वे केवल वोट बैंक नहीं, बल्कि एक निर्णायक शक्ति बन गई हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं भली-भांति जानती हैं कि किसने उन्हें 33 प्रतिशत प्रतिनिधित्व देने की दिशा में ठोस कदम उठाए और किसने दशकों तक उनके अधिकारों को टालने का काम किया।

डॉ. ऋचा भदौरिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा ने वह कर दिखाया, जिसे कांग्रेस लंबे समय तक करने का साहस नहीं जुटा सकी।

# महिलाओं का आक्रोश जायज, विपक्ष दे अपनी महिला नेताओं से जवाब : शीतल चौधरी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा पार्षद शीतल चौधरी ने गाजियाबाद में महिलाओं के हालिया विरोध प्रदर्शन को लेकर विपक्ष पर तीखा सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं का आक्रोश पूरी तरह जायज है और यह केवल एक विरोध नहीं, बल्कि उनके अधिकारों और आवाज का प्रतीक है। भाजपा पार्षद शीतल चौधरी ने कहा कि यह आश्चर्य की बात है कि विपक्ष के कुछ पुरुष नेता इस आक्रोश पर आपत्ति जता रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या विपक्ष के पास अपनी महिला कार्यकर्ता और महिला नेता नहीं हैं, जो इस मुद्दे पर खुलकर अपनी बात रख सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर महिलाओं की आवाज को ही आगे आना चाहिए। यदि विपक्ष इस आंदोलन से असहमत है, तो उसे अपनी महिला नेताओं के माध्यम से यह स्पष्ट करना चाहिए कि वे इस विधेयक के रुकने को क्यों उचित मानते हैं। शीतल चौधरी ने कहा कि गाजियाबाद की महिलाएं अब चुप नहीं बैठेंगी और अपने अधिकारों व सम्मान के लिए लगातार मजबूती से आवाज उठाती रहेंगी।

# सुल्लामल रामलीला कमेटी ने उठा दिया डिप्टी रजिस्ट्रार की मंशा पर ही सवाल

## कहा ऐसा तो आधी रात को कोर्ट भी नहीं करती है स्पेशल सुनवाई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सुल्लामल की रामलीला में महाभारत का आगाज हो गया है। इस बार महाभारत के नये किरदार में डिप्टी रजिस्ट्रार की एंट्री हो गयी है। कमेटी में उनकी अति सक्रियता पर सवाल उठाया है।

वहीं डिप्टी रजिस्ट्रार ने भी एक पत्र भेजा और कमेटी ने भी जवाब दिया है। पूर्व पार्षद तथारामलीला कमेटी के पूर्व पदाधिकारी मुनिन्द्र आर्य की शिकायत पर डिप्टी रजिस्ट्रार ने संज्ञान लिया और आदेश जारी किया। 28 फरवरी को कालातीत हो गयी। एक वर्ष के कार्यकाल में कोई आम सभा की बैठक नहीं बुलाई गयी। नियमों का जिक्र हुआ और सार ये रहा कि अब कमेटी कालातीत हो गयी है और किसी अधिकारी को नियुकत कर चुनाव कराये जायेंगे। इस पत्र का संज्ञान लेते हुए डिप्टी रजिस्ट्रार ने पत्र लिखा और बताया कि यह शिकायत है। कालातीत कमेटी को खुद अपने चुनाव कराने का अधिकार नहीं है। लिहाजा रजिस्ट्रेशन एक्ट के तहत अब पुष्ट अधिकारी द्वारा निर्वाचन हो और निर्वाचन एक महीने के अंदर सम्पन्न होगा। इस निर्वाचन के खर्चे का हिसाब देते हुए कार्यकारिणी समिति मौजूदा कमेटी कोई नीतिगत निर्णय नहीं लेती।

वहीं अब शिकायत वाला गुट इस बात को कह रहा है कि मौजूदा कमेटी कालातीत है और ये चुनाव नहीं करा सकती और ना ही चुनाव अधिकारी नियुक्त कर सकती है। वह कमेटी द्वारा घोषित किये गये शैलेन्द्र और वीरो बाबा की नियुक्ती पर भी सवाल उठा रही है।

### हमारे पक्ष को सुने बिना आदेश पारित करना ठीक नहीं है : सुधीर गोयल मोनू



**करंट क्राइम।** इस पूरे मामले पर रामलीला कमेटी के कोषाध्यक्ष सुधीर गोयल मोनू ने कहा कि हम कार्यकारिणी की बैठक बुला चुके हैं । हमने आम सभा के लिए दिन तय किया था। हम खुद चुनाव करा रहे हें । तो ऐसे में अधिकारियों द्वारा की जा रही जल्दबाजी समझ से बाहर है । उन्होंने कहा कि ऐसा लग रहा है कि सुप्रीम कोर्ट की तर्ज पर आधी रात को दफ्तर खुलवाकर फैसला दिया जाना ही बाकी था। एक पक्ष को सुनकर आदेश देना न्यायसंगत नहीं है। कोर्ट भी दोनों पक्षों को सुनती है। हम चुनाव के लिए तैयार हैं और हिसाब जब चाहे तब देखा जा सकता है।

### सभी सदस्य जमा करायें शुल्क और प्राप्त करें रशीद

**करंट क्राइम।** श्री सुल्लामल रामलीला कमेटी के अध्यक्ष और महामंत्री ने सभी सदस्यों को सुचित कर दिया है कि नवीनीकरण शुल्क जमा होना शुरू हो गयाहै। कमेटी के सभी सदस्यों के लिए वर्ष 2026-27 का वार्षिक सदस्यता नवीनीकरण शुल्क जमा करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। सभी सदस्य अपना वार्षिक शुल्क 25 अप्रैल से 10 मई तक रामलीला कमेटी के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। शुल्क जमा करने का समय सुबह 9 बजे से 12 बजे तक निर्धारित किया गया है। शुल्क जमा होने के बाद ही सदस्यता सुनिश्चित मानी जायेगी।

### अध्यक्ष और महामंत्री ने डिप्टी रजिस्ट्रार को लिखा पत्र



**करंट क्राइम।** रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अजय बंसल और महामंत्री नरेश अग्रवाल ने डिप्टी रजिस्ट्रार को पत्र लिखा। उनके द्वारा भेजे गये पत्र का हवाला दिया। बताया कि कौन सा पत्र आठ अप्रैल को डाक से प्राप्त हुआ है। कहा गया कि आपने वार्षिक चुनाव से संबंधित जानकारी मांगी है। जो कि समिति द्वारा दी जा रही है। कहा गया है कि चुनाव का कार्यक्रम चुनाव अधिकारी द्वारा ही घोषित किया जायेगा। 3 अप्रैल को मैदान पर नोटिस चस्पा किया जा चुका है। वहीं बताया ये जाता है कि आम सभा बुलाई गयी थी और कार्यकारिणी सदस्यों ने इसके लिए 27 मार्च की तारीख तय की थी। हिसाब का लेखा जोखा तैयार किया गया था 17 को कमेटी की बैठक हुई थी, 18 मार्च को सहमति दी गयी थी, 3 अप्रैल को नोटिस चस्पा किया गया था। 13 अप्रैल की शाम को मुनिन्द्र आर्य की शिकायत पर एक लैटर प्राप्त हुआ था। सात दिन के भीतर जवाब देना था और 20 अप्रैल को जवाब दाखिल कर दिया गया। स्पीड पोस्ट से जवाब दिया गया था। लेकिन अब कमेटी के भीतर डिप्टी रजिस्ट्रार की अति सक्रियता पर सवाल उठा है। कमेटी का कहना है कि विधि पर राय ली जा रही है और चुनाव पूरी तरह पारदर्शी प्रक्रिया से कराये जायेंगे। जवाब विधिवत रूप से दिया जायेगा। उस कार्यकारिणी बैठक का भी जिक्र हो रहा है जिसमें ये आम सहमति बनी थी कि मौजूदा कमेटी का कार्यकाल आगे बढ़ा दिया जाये और जो भी कमेटी आयेगी उसका कार्यकाल 3 साल का होगा। सवाल ये भी उठा है कि सिर्फ एक सदस्य की शिकायत पर इतना त्वरित संज्ञान लेने से पहले वर्तमान कमेटी को भी जवाब देने का समय दिया जाये। एक ही पक्ष को सुनकर दूसरे पक्ष को सुने बिना आनन फानन में चुनाव का फैसला कुछ संशय प्रकट करता है।

# गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की अवैध निमार्णों पर बड़ी कार्रवाई, कई जगह ध्वस्तीकरण और सीलिंग



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के निर्देश पर अवैध निर्माण और अवैध कॉलोनियों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया गया। इसी क्रम में प्रवर्तन जोन-01 और जोन-02 की टीमों द्वारा अलग-अलग स्थानों पर बड़ी कार्रवाई की गई।

प्रवर्तन जोन-01 की टीम ने प्रभारी सनी शर्मा के नेतृत्व में ग्राम ढरगल (खेतान स्कूल के पास) खसरा संख्या-250 पर लगभग 5000 वर्ग मीटर क्षेत्र में विकसित की जा रही अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त कर दिया। यहां बनी सड़कें, भूखंडों की बाउंड्रीवाल, बिजली के खंभे और साइट ऑफिस भी हटाए गए।

इसके अलावा ग्राम मोरटा, रैपिड रेल पिलर नंबर 660-661 के सामने खसरा संख्या-1133 पर लगभग 500 वर्ग मीटर में किए गए अवैध निर्माण को भी ध्वस्त किया गया। वहीं ग्राम नूरनगर में खसरा संख्या-467 मि. पर लगभग 145 वर्ग मीटर क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित धर्मकांटे को सील कर दिया गया।

इसी तरह प्रवर्तन जोन-02 की टीम ने लगभग 18 बीघा क्षेत्र में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई करते हुए ध्वस्तीकरण किया। इस दौरान कॉलोनाइजर द्वारा बनाई गई सड़कें, बाउंड्रीवाल, साइट ऑफिस आदि को हटाया गया और सीलिंग की कार्रवाई भी की गई। कार्रवाई के दौरान कॉलोनाइजरों द्वारा विरोध किया गया, लेकिन प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम और पुलिस बल की मौजूदगी में सभी अवैध निमार्णों को ध्वस्त कर दिया गया।

अभियान के दौरान सहायक अभियंता, अवर अभियंता, प्रवर्तन जोन-1 व जोन-2 का स्टाफ, प्राधिकरण पुलिस बल और प्रवर्तन दस्ते की टीम मौजूद रही। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि अवैध निमार्णों के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# कर्ज के बदले जमीन पर कब्जा विरोध करने पर विधवा को पीटकर किया बेहोश

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** मोदीनगर के भोजपुर थानाक्षेत्र स्थित ईशाकनगर गांव में कृषि भूमि पर कब्जे का विरोध करने पर एक विधवा महिला की बेरहमी से पिटाई की गई। महिला ने पुलिस और उपजिलाधिकारी से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। उपजिलाधिकारी ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं।



उनके पति अजित सिंह ने गांव के एक व्यक्ति से ढाई लाख रुपये उधार लिए थे। आरोप है कि इस कर्ज के बदले दबंग ने उनकी कृषि भूमि का एग्रीमेंट करा लिया था। कुछ समय पहले अजित सिंह की मौत हो गई। जब संतोष देवी अपने बच्चों के साथ उक्त भूमि पर गईं, तो उन्होंने पाया कि उस पर दबंग का कब्जा था। महिला ने जब कब्जा हटाने को कहा, तो दबंग ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। महिला की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोगों को आता देख आरोपी मौके से फरार हो गए। गुरुवार को संतोष देवी मोदीनगर तहसील पहुंचीं और उपजिलाधिकारी व एसीपी मोदीनगर को शिकायत पत्र सौंपकर अपनी भूमि पर कब्जा दिलाने की मांग की।

इस संबंध में एसीपी का कहना है कि जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। तहसीलदार रजत कुमार ने बताया कि कृषि भूमि जिसके नाम पर है, उसे ही कब्जा दिलाया जाएगा।

# नोएडा प्राधिकरण का बड़ा फैसला, 4800 कर्मचारियों को मिला 5 लाख तक का मेडिकल इंश्योरेंस



**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी कृष्ण करुणेश द्वारा एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए प्राधिकरण में कार्यरत लगभग 4800 कर्मियों के लिए मेडिकल इंश्योरेंस सुविधा को मंजूरी प्रदान की गई है। इसके तहत स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया जनरल इंश्योरेन्स कम्पनी के साथ समझौता (एमओयू) किया गया। इस योजना के तहत नोएडा और दिल्ली के अधिकांश अस्पतालों में इलाज की सुविधा दी जाएगी।

गुरुवार को नोएडा प्राधिकरण और एसबीआईजनरल इंश्योरेंस कंपनी के बीच श्रम आपूर्तिकताओं के माध्यम से यह एमओयू औपचारिक रूप से संपन्न हुआ। यह निर्णय प्राधिकरण की 215वीं बोर्ड बैठक में लिया गया था, जिसमें श्रमशक्ति आपूर्तिकर्ता के जरिए कार्यरत कर्मियों को मेडिकल सुविधा देने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई थी। इस योजना के तहत प्रत्येक कर्मचारी के आश्रित पांच सदस्यों को प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये तक की चिकित्सा सुविधा का लाभ मिलेगा। इसके लिए श्रम आपूर्तिकर्ता एजेंसी के माध्यम से प्रति कर्मचारी 10,000 रुपये वार्षिक प्रीमियम का भुगतान किया जाएगा।

गौरतलब है कि ईएसआई विभाग द्वारा निर्धारित 21,000 रुपये वेतन सीमा के चलते नोएडा प्राधिकरण के ये कर्मचारी ईएसआई सुविधा से बाहर हो गए थे। इसके बाद से ही कर्मचारी लगातार मेडिकल सुविधा की मांग कर रहे थे।

अब इस समझौते के बाद कर्मचारियों को इंश्योरेंस के पहले दिन से ही इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी, जिसमें गंभीर बीमारियों का उपचार भी शामिल रहेगा। इस योजना के तहत नोएडा और दिल्ली के अधिकांश अस्पतालों में इलाज की सुविधा दी जाएगी।यह निर्णय प्राधिकरण के कर्मचारियों के लिए एक बड़ी राहत साबित होगा और उनकी लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करेगा।